


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03, अंक 162 | ग्वालियर शुक्रवार 19 जून 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


# नम आंखों से देश दे रहा है शहीद जवानों को अंतिम विदाई



**नई दिल्ली।** लद्दाख की गलवान घाटी में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सैनिकों के साथ 15 जून को हुई हिंसक झड़प में भारतीय सेना ने अपने 20 जांबाज जवानों को खो दिया था। शहीद जवानों के पार्थिव शरीर अब उनके घरों में पहुँच चुके हैं। ये 20 शहीद देश के अलग-अलग राज्यों के थे। सबसे ज्यादा 5 जवान बिहार के रहने वाले थे। शहीद जवानों को नम आंखों से विदाई दी जा रही है। भारत और चीन के सैनिकों के बीच लद्दाख स्थित गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प में छत्तीसगढ़ के लाल ने भी आहुति दी है। चीनी सैनिकों के साथ झड़प में कांकेर जिले के वीर जवान गणेश कुंजाम शहीद हो गए। गणेश 16 बिहार रेजीमेंट में सिपाही के पद पर कार्यरत थे। सिपाही अमन कुमार- बिहार के समस्तीपुर के सुल्तानपुरपुरब गांव के रहने वाले थे। उनके पिता ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अपने बाकी दो बेटों को भी देश की सेवा के लिए भेज देंगे। उन्होंने कहा कि चीन की वजह से मेरा बेटा चला गया। 20 जवानों के बलिदान पर प्रधानमंत्री मोदी ने देश को भरोसा दिलाते हुए कहा कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, **19 जून को करेंगे सर्वदलीय बैठक**- भारत और चीन के सैनिकों के बीच लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद बुधवार को पीएम मोदी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ''जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। देश की संप्रभुता सर्वोच्च है। देश की सुरक्षा करने से हमें कोई भी रोक नहीं सकता। इस बारे में किसी को भी जरा भी भ्रम या संदेह नहीं होना चाहिए।



# वैश्विक समुदाय से मिले जबरदस्त समर्थन के लिए 'तहे दिल से आभारी' हूं : पीएम मोदी

## कल करेंगे 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' का शुभारंभ

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की सदस्यता के लिए वैश्विक समुदाय से मिले जबरदस्त समर्थन के लिए 'तहे दिल से आभारी' हैं। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक शांति, सुरक्षा, लचीलेपन और निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की सदस्यता के लिए वैश्विक समुदाय से मिले जबरदस्त समर्थन के लिए तहे दिल से आभारी हूं। भारत वैश्विक शांति, सुरक्षा, लचीलेपन और निष्पक्षता को बढ़ावा देने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करेगा।' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के चुनाव में भारत को भारी समर्थन हासिल हुआ है। सुरक्षा परिषद में अस्थायी सीट के लिए हुए चुनाव में संयुक्त राष्ट्र महासभा में 192 मत पड़े, जिनमें से 184 मत भारत के पक्ष में रहे। भारत का दो वर्ष का कार्यकाल एक जनवरी 2021 से शुरू होगा। भारत को आठवीं बार संयुक्त राष्ट्र की इस महत्वपूर्ण संस्था में सदस्यता मिली है। सुरक्षा परिषद में पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थायी सदस्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन के दौरान अपने गृह राज्य लौटे प्रवासी मजदूरों को सशक्त करने तथा उन्हें आजीविका मुहैया कराने के लिए शनिवार को एक 'बड़ी' ग्रामीण लोक कार्य योजना का शुभारंभ करेंगे। एक आधिकारिक बयान में गुरुवार को बताया गया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी की मौजूदगी में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 20 जून को मोदी 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान' का शुभारंभ करेंगे। 25,000 से अधिक प्रवासी मजूदरों को चुना गया अभियान के लिए यह अभियान बिहार के खगड़िया जिले के बेलदौर प्रखंड के तेलिहर गांव से शुरू किया जाएगा। इस योजना के डिजिटल शुभारंभ में पांच अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ केंद्रीय मंत्री भी हिस्सा लेंगे। बयान में कहा गया है कि बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड और ओडिशा के कुल 116 जिलों के 25,000 से अधिक प्रवासी मजूदरों को इस अभियान के लिए चुना गया है जिसमें 27 आकांक्षी जिले शामिल हैं। इसमें बताया गया है कि इन जिलों के ऐसे करीब दो तिहाई प्रवासी मजदूरों को शामिल करने का अनुमान है। छह राज्यों के 116 जिलों के गांव कोविड-19 वैश्विक महामारी के मद्देनजर सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए साझा सेवा केंद्रों और कृषि विज्ञान केंद्रों के जरिए इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह अभियान 125 दिनों का है जिसमें प्रवासी मजदूरों को रोजगार मुहैया कराने और देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा खड़ा करने के लिए 25 अलग तरह के कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस योजना का समन्वय 12 अलग-अलग मंत्रालय करेंगे जिनमें ग्रामीण विकास, पंचायती राज, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, खनन, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यावरण, रेलवे, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, सीमा सड़क, दूरसंचार और कृषि मंत्रालय शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 41 कोयला खदानों की डिजिटल नीलामी को लॉन्च किया।



# सुप्रीम कोर्ट ने जगन्नाथ रथ यात्रा पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पुरी रथ यात्रा पर रोक लगा दी है।



अदालत ने कहा है कि जनहित और लोगों की सुरक्षा को देखते हुए हम इस साल रथ यात्रा की अनुमति नहीं दे सकते। श्री जगन्?नाथ मंदिर से यह यात्रा इस साल 23 जून से निकलनी थी। नौ दिन तक चलने वाली रथ यात्रा में हर साल 7 लाख से ज्?यादा श्रद्धालु हिस्?सा लेते हैं। इस दौरान हजारों की संख्?या में पुलिस और सुरक्षा बल तैनात रहते हैं। कोरोना वायरस संक्रमण के खतरे को देखते हुए यात्रा पर रोक लगाई गई है क्?योंकि सोशल डिस्?टेंसिंग फॉलो करा पाना संभव नहीं हो पाता। इससे पहले तय हुआ था कि श्रद्धालुओं के बिना 23 जून को रथ यात्रा निकाली जाएगी। एक एनजीओ ने लगाई थी याचिका- भुवनेश्?वर के ह्लह्व ओडिशा विकास परिषद से सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका लगाई थी।

याचिका में कहा गया था कि इससे कोरोना फैलने का खतरा बहुत ज्?यादा है। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि अगर दीपावली पर पटाखे जलाने पर रोक लगाई जा सकती है तो रथ यात्रा पर क्?यों नहीं। ओडिशा सरकार ने 30 जून तक सभी तरह के धार्मिक कार्यक्रमों पर रोक लगा रखी है। ऐसे में मंदिर प्रबंधन में बिना श्रद्धालुओं के रथ यात्रा निकालने का फैसला कर लिया था।

# देश की अंतरात्मा को चोट पहुंचाई गई, इससे प्रभावी तरीके से निपटना होगाः प्रणब मुखर्जी

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प में भारतीय सैनिकों की मौत पर कहा कि देश की अंतरात्मा को गहरी चोट पहुंचाई गई है। ऐसा दोबारा न हो, इसके लिए सभी विकल्प तलाशने होंगे। ज्ञात हो कि



सोमवार रात पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ हिंसक झड़प में एक कर्नल समेत 20 भारतीय जवान शहीद हो गए। इसे पांच दशक से भी अधिक समय बाद सबसे बड़ा सैन्य टकराव बताया गया है। मुखर्जी ने एक बयान में कहा, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हैं। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम से देश की अंतरात्मा को चोट पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार को सशस्त्र बलों समेत विभिन्न हितधारकों को साथ लेना चाहिये। पूर्व राष्ट्रपति ने सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा मेरा मानना है कि हमारी संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने वाले वीर जवानों की शहादत से बढ़कर भारत माता की कोई और सेवा नहीं हो सकती। उनके बलिदान के दम पर ही हम स्वतंत्र हैं।

# 2400 रूपये में होगी कोरोना की जांच

## शाह-केजरीवाल की बैठक में हुआ निर्णय

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के संक्रमण के निरंतर बढते मामलों के बीच केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थिति की समीक्षा की। शाह ने दिल्ली में कोरोना महामारी की स्थिति पर एक सप्ताह में तीसरी बैठक की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, दिल्ली पुलिस आयुक्त एस एन श्रीवास्तव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ गृह तथा स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के अधिकारियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। कोरोना वायरस संक्रमण की ताजा स्थिति के



साथ साथ इससे निपटने की तैयारियों तथा योजनाओं पर भी इसमें चर्चा की गई। इसके साथ ही राजधानी और एनसीआर के जिलों के बीच लोगों के आवागमन को लेकर भी बातचीत हुई। केन्द्र सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए उठाये गये कदमों तथा घोषणाओं का भी बैठक में उल्लेख हुआ। शाह ने पिछले चार दिनों में दिल्ली में कोरोना की स्थिति को लेकर उप राज्यपाल अनिल बैजल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें की हैं। दिल्ली के तीनों नगर निगमों के साथ भी उन्होंने बैठक की। उन्होंने दिल्ली के सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ भी कोरोना से निपटने की रणनीति पर चर्चा की थी। गृह मंत्री ने दिल्ली सरकार के कोरोना उपचार के लिए निर्धारित प्रमुख अस्पताल लोकनायक जयप्रकाश का भी औचक दौरा किया था। इसके बाद राजधानी के सभी अस्सालों में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। बैठक के दौरान आये सुझाव के आधार पर दिल्ली में कोरोना जांच की कीमत कर के 2400 रूपये की गयी है।

# जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग से सुरक्षाबलों ने हिज्बुल आतंकी इमरान नबी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सुरक्षा बलों ने गुरुवार को दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग में हिजबुल मुजाहिदीन के एक स्थानीय आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और विस्फोटक बरामद किया है. आतंकवादी की पहचान इमरान नबी डार के रूप में की गई है. वह कुलगाम में लालवानी इलाके का निवासी है. जानकारी के अनुसार सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह ने संयुक्त अभियान के दौरान कुलगाम के रेदवानी निवासी इमरान डार को गिरफ्तार किया. इमरान हाल ही में आतंकवादी समूह में शामिल हुआ था. सुरक्षा एजेंसियां की संयुक्त टीम गिरफ्तार आतंकवादी से पूछताछ कर रही है. बताया जा रहा है कि आतंकी के जंगलात मंडी अस्पताल में मौजूद होने की बात सामने आई थी. सूचना के आधार पर सेना की आरआर, सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस की एसओजी की संयुक्त टीम ने तुरंत अनंतनाग के जंगलात मंडी स्थित अस्पताल को घेर लिया और आम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए आतंकी इमरान को गिरफ्तार कर लिया।



## भारत की आपत्तियों को दरकिनार कर

# नेपाल के उच्च सदन में संविधान संधोधन विधेयक पास

**काठमांडू।** भारत की आपत्तियों को दरकिनार करते हुये नेपाल की संसद के उच्च सदन ने आज उस संविधान संशोधन बिल को मंजूरी दे दी, जिसमें देश के नये नक्शे को अपडेट करने का प्रावधान है। नेपाली संसद ने यह मंजूरी ऐसे समय पर दी है जब भारत और चीन के बीच सीमा विवाद चरम पर चल रहा है। अब यह विधेयक राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। नेपाल ने पिछले हफ्ते ही संसद के निचले सदन में नक्शे में संशोधन से जुड़ा बिल कराया था और आज उच्च सदन में भी इसे मंजूरी मिल गयी। नेपाल के नए राजनीतिक



नक्शे के समर्थन में नेशनल असेंबली में 57 वोट पड़े और विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। इस तरह से यह विधेयक सर्वसम्मति से नेशनल असेंबली से पारित हो गया। नेशनल असेंबली में वोटिंग के दौरान संसद में विपक्षी नेपाली कांग्रेस और जनता समाजवादी पार्टी- नेपाल ने संविधान की तीसरी अनुसूची में संशोधन से संबंधित सरकार के विधेयक का समर्थन किया। नेपाल की नेशनल असेंबली में सत्ताधारी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के संसदीय दल के नेता दीनानाथ शर्मा ने कहा कि भारत ने लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा पर अवैध रूप से कब्जा किया है और उसे नेपाली जमीन को लौटा देना चाहिए। गौरतलब है कि नेपाल ने यह कदम भारत के विरोध के बाद उठाया है।

# सीमा पर बिना हथियारों के जवानों को किसने भेजा, बताये सरकार- राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चीन के साथ झड़प में 20 भारतीय सैनिक के शहीद होने पर मोदी सरकार के ऊपर हमला बोला है। राहुल ने कहा है कि मोदी सरकार बताएं कि बिना



हथियार के सीमा पर जवान को किसने लडने् के लिए भेजा? क्यों भेजा और इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं। राहुल ने वीडियो ट्वीट कर पूछा कि सीमा पर बिना हथियार के जवान को किसने भेजा? उन जवानों के शहीद के लिए कौन जिम्मेदार है। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी को इसका जवाब देना होगा। पीएम मोदी इससे भाग नहीं सकते हैं। देश उनसे जवाब चाहता है। गौरतलब है कि इससे पहले, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा था कि 20 जवानों के शहीद होने के बाद भी पीएम मोदी चुप क्यों है? राहुल ने आगे लिखा कि पीएम मोदी इस मामले में क्यों छिप रहे हैं? बस बहुत हुआ, हम जानना चाहते हैं कि क्या हुआ है, चीन की हिम्मत कैसे हुई हमारे सैनिकों को मारने की?



## वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर हिन्दू जागरण मंच द्वारा माल्यार्पण किया गया।

**इंदौर।** स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी वीरांगना झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई जी के बलिदान दिवस पर हिन्दू जागरण मंच इंदौर विभाग द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का एंव सभी प्रकार से कोरोना से बचाव के साधनों का उपयोग करते हुए सभी उपस्थित कार्यकर्त्ताओं ने किला मैदान स्थित झांसी की रानी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धान्जली अर्पित की । उक्त जानकारी देते हुए इंदौर विभाग संयोजक नितिन धारकर ने बताया कि झांसी की रानी आज सभी माताओं एंव बहनों के लिए प्रेरणापूंज हैं । इतिहास का एक अमिट हस्ताक्षर हैं । इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के द्वारिका, रामेश्वरम, जगन्नाथ, बद्रीनाथ जिले के कार्यकर्ता उपस्तिथ हुवे । माल्यार्पण में मालवा प्रांत प्रचार प्रमुख - राजपाल जी जोशी, प्रांत सह-बेटी बचाव प्रमुख- प्रदीप जी नन्दनवार, इंदौर विभाग संयोजक- नितिन जी धारकर , सह-संयोजक धीरज जी यादव, कन्नू मिश्रा, हेमन्त शर्मा, शुभम यादव, तरुण पगारे, गौरव शर्मा, कृष्णा सिंह, गौरव वानखेड़े आदी कार्यकर्ता उपस्थित थे । सभी ने इस अवसर पर हिन्दू बेटियों को रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना बनाने के लिए संकल्प लिया।



## सर्राफा बाजार में दिन दहाड़े चली गोली

पुष्पेन्द्र राजपूत रिपोर्टर

**दिनारा।** शिवपुरी जिले के दिनारा कस्बे में दिनारा के बाजार में सर्राफा व्यापारी को गोली मारकर बेग लूट ले गए जानकारी के अनुसार महेंद्र सोनी हरिशंकर सोनी श्री गोविंद प्रशांत सोनी सराफा बाजार दिनारा उम्र 56 साल कट्टे से गोली मारी पैर में लग गई खून ज्यादा निकलने से बहुत गंभीर हालत बनी हुई है आज दोपहर 3ः30 बजे बहुत गंभीर हालत होने के कारण झांसी भेज दिया है।

### विधुत विभाग डिवीजन ऑफिस खेरागढ के

## अधिकारी और कर्मचारी घोटाले को छुपाने के लिए दे रहे हैं धमकियाँ

जितेन्द्र सिंह परमार
चिप रिपोटर खेरागढ

**देहात खेरागढ ।** कस्बा खेरागढ के गाँव पटपर गंज का मामला हे जिसमे प्रार्थी से बिमल श्रीवास्तव पुत्र रमेश श्रीवास्तव निवासी नगला उदेया रोड थाना खेरागढ के 191400 रुपये लेकर रसीद 46000 हजार रुपये की दी गयी जिसमे बिमल श्रीवास्तव के द्वारा कई बदमाशों को साथ में लेकर प्रार्थी मोटरसाईकिल को छीनने का प्रयास किया ओर प्रार्थी के घर पर कुछ बदमाशों के साथ कई बार गया है हथियारो के साथ ओर प्रार्थी ओर उस के घर वालो को मारने की धमकी दी गयी ओर प्रार्थी का घर से बहार निकल ना बन्द हो गया है ओर थाना प्रभारी अवदेश अवस्थी जी को कई बार फोन पर सूचना भी दी ओर थाना मे कई बार जाकर भी प्रार्थी की थाना खेरागढ मे रिपोर्ट नही लिखी जा रही है विधुत विभाग डिवीजन ऑफिस खेरागढ मे जो बिजली के बिलो मे घोटाला हुआ है उस का खुलासा ना हो जाये इस कारण प्रार्थी को जान से मारने ओर फोन पर धमकी दी जा रही है इस सम्बन्ध मे उपजिलाअधिकारी खेरागढ को तहरीर दी ताकि इस घोटाला का ओर जो लोग गुंडा गर्दी कर रहे हे उसका खुलासा हो सके ओर जब तक दोषीयो के खिलाफ कार्यवाही नही की जायेगी तो प्रार्थी जिले के अधिकारियो तक भी शिकायत करेगा ओर विधुत विभाग के जिले के उच्च अधिकारी इस घोटाला को छुपाने के लिये विधुत विभाग डिवीजन ऑफिस खेरागढ से लाखो रुपये लेकर जाँच को दवा देते है ओर शिकायत करता 1 वर्ष से ज्यादा हो गया है शिकायत कर रहा हैं।

## किन्नर समाज बॉर्डर पर जाकर चीन से लड़ने के लिए तैयार

अभिषेक मिश्रा राज्य
ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

भारत चीन सीमा पर हुए खूनी संघर्ष को लेकर हर भारतवासी का खून खौल उठा है। चीन की कायरना हरकत को लेकर हर देशवासी के सीने में उबाल है। चैतरफा हो रहे चीन के विरोध में हर राजनीतिक दल एकजुटता से कूद पड़ा हैं। ऐसे में भारतीय किन्नर समाज भी पीछे नहीं है। वीरवार को अर्धनारेशवर समाज सेवा समिति की अध्यक्षा बिजली मंहत ने बाकायदा डीसी बिलासपुर राजेशर गोयल को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि पूरे देश के किन्नरों को अपने भारतीय सैनिकों की मदद करने के लिए बार्डर पर जाने की अनुमति दी जाए। बिजली मंहत ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देकर सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय वीरों की शहादत को अखिल भारतीय किन्नर समाज नमन करता हैं। उन्होंने कहा कि यह शहादत बेकार नहीं जाएगी। भारतीय सेना के पराक्रम के आगे इन दोगले चीनियों को झुकना पड़ेगा। बिजली महंत ने कहा कि देश का हर नागरिक



इस संग्राम में अपना योगदान दे सकता है। उन्होने कहा कि चीनी उत्पादों का बहिष्कार कर सभी अपना योगदान दे सकते हैं। सभी देशवासियों को एकजुटता से प्रण लेना चाहिए कि वे चीन में निर्मित सामान का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे ताकि चीन को भी पता चले कि उसने गलत जगह हाथ डाला है। उन्होंने कहा कि चीन द्वारा की गई ऐसी दृश्टता कोई पहली बात नहीं है। भारत के उत्तरी पूर्वी राज्यों में चीन कब्जा करने की कोशिश सदा करता रहा है तथा भारतीय सेनाएं चीन को मुंह तोड़ जबाव देती आई हैं। अब चीन ने लड़ाइ का नया रास्ता निकाला है जो कभी कामयाब नहीं होगा। बिजली महंत ने कहा कि देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले इन वीर सैनिकों की मदद के लिए अखिल भारतीय किन्नर समाज बॉर्डर पर जाने के लिए आतुर है। अर्धनारेश्वर समाज सेवा समिति की अध्यक्षा बिजली महंत ने बताया कि हिमाचल व पंजाब बॉर्डर से लद्दाख जाने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि सभी किन्नर समाज के लोग भारत चीन की सीमा पर जाकर अपने भारत की सेना के जवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चीन के विरुद्ध भारतीय सैनिकों की मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज भारत माता की रक्षा के लिए अपना तन.मन.धन ने सावरकर के देश की सेवा में अपने खून का एक.एक कतरा न्योछावर करने के लिए तैयार है। बिजली महंत ने देश की तमाम 140 करोड़ जनता से आवाहन करता है कि वह अपनी तमाम मतभेदों को भुलाकर इस संकट की घड़ी में अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए एकजुट हो जाएं और अपने देश की सेवा के लिए आगे आएं।

## वीर सपूत दीपक सिंह को दी श्रद्धांजलि

मैं विमला युवा शक्ति जीडीओ की सचिव समाजसेविका पलक गौतम मेरे प्रदेश से भारत चीन झड़प में शहीद हुए मध्य प्रदेश के वीर सपूत



दीपक सिंह जी को विनम्र श्रद्धांजलि जो पूरी रात हमारे देश के सेवा के लिए सच्चे सपूत ने अपनी जान गवा दी देश की रक्षा करते करते उन सपूतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं मैं युवा समाजसेवी का पलक गौतम और लद्दाख की गालवान घाटी में भारत और चीन के बीच हुई हिंसक झड़प में 20 भारतीय सेना के जवान शहीद हुए हैं. शहीदों में छत्तीसगढ़ के कांकेर का भी एक जवान शामिल था।लद्दाख के गालवन घाटी में चीन के साथ हुई हिंसक झड़प में जहां देश के 20 जवान शहीद हो गए। उनमें एक मध्य प्रदेश के रीवा का सपूत दीपक कुमार सिंह भी रहे। दीपक के शहीद होने की सूचना आने के बाद से जिले में मातम सा है। दीपक रीवा जिले के फरेहदा गांव के मूल निवासी थे। उनके भाई भी सेना में हैं। यह मां भारती के शुर वीरो तुम्हारी शहादत को ना भूलेंगे हम शहीदों को नमन विनम्र श्रद्धांजलि

## बिलासपुर शहर में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों पर होगी कार्यवाही

अभिषेक मिश्रा
राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

बिलासपुर शहर में अब अपनी मर्जी से वाहन खड़े कर अन्य लोगों के लिए समस्या पैदा करना मंहगा पड़ेगा। बिलासपुर पुलिस ने इस बावत कार्यवाही करना शुरू कर दिया है। नगर के किसी भी स्थान पर यदि बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े मिले तो पुलिस कार्यवाही करेगी। बिलासपुर ट्रैफिक पुलिस ने पंजाब नेशनल बैंक के साथ बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों का चालान काटा तथा जुर्माना वसूला। उल्लेखनीय है कि इस स्थान पर हर रोज लोग अपने वाहनों को खड़ा कर बैंक या बाजार की ओर जाते हैं जिससे यहां पर वाहनों का गुजरना और मुड़ना चुनौती भरा काम हो जाता है। यही नहीं यहां से दोपहिया वाहनों के गुजरने के लिए लोहे के बीच में गैप दिया गया है लेकिन यहां




पर चैपहिया वाहनों के खड़े होने के कारण दोपहिया वाहनो के निकलने के लिए भी मुश्किल हो जाती है। लोगों को घुमकर जाना पड़ता है। इस स्थान पर स्थानीय दुकानदारों का भी सामान उतरता है तो वहां पर वाहनों का जमावड़ा और आवाजाही लगी रहती है। लेकिन बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन यहां पर समस्या पैदा करते हैं। कई बार यही वाहन लड़ाई झगड़े का कारण बनते हैं। वहीं ट्रैफिक पुलिस प्रभारी जगदीश कुमार सैणी ने बताया कि नगर में बेतरतीब वाहन खड़े वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि बुधवार को भी ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे लोगों की गाड़ियों के चालान किए तथा जुर्माना भी वसूल किया।

## राजपूत करणी सेना की टीम ने चीन के राष्ट्रपति का पुतला फूका और चीनी सामान का बहिष्कार किया

विवेक सिंह सिकरवार

**देहात खेरागढ।** आज श्री राष्टीय राजपूत करणी सेना ने विवेक सिंह सिकरवार (प्रभारी प.उ.प्र0) के नेतृत्व में खेरागढ मे भारत-चीन सीमा, लद्दाख की गलवान घाटी में राष्टरक्षा हेतु अतुलनीय शौर्य व वीरता का



परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को श्रद्धांजली अप्रित की, व चीनी राष्टपति का पुतला दहन कर, लोगों स अपील की कि चीन के सामान का पूर्ण बहिष्कार करें,जिसमें मुख्य रूप से रंजीतधाकरे (प्रभारी आगरा)पंकजठाकुर,भानू, पंकज चौहान ,कोमल परमार,धीरज सिकरवार,बृजमोहन धाकरे ,विष्णु सिकरवार एवं समस्त करणी सैनिक उप स्थित रहे !! सम्पूर्ण राष्ट को अपने वीर सपूतों पर गर्व है, हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। जय हिन्द जय भारत

## लॉकडाउन के चलते इस बार सूर्यग्रहण पर कुरूक्षेत्र में नही होगा मेले का आयोजन

अभिषेक मिश्रा
राज्य ब्यूरो प्रमुख हिमाचल प्रदेश

उपायुक्त राजेश्वर गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 21 जून को कुरूक्षेत्र में प्रातः 10ः20 से सायं 1ः47 तक सूर्य ग्रहण होगा। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के दृष्टिगत जिला प्रशासन कुरूक्षेत्र द्वारा सूर्यग्रहण मेले का बड़े स्तर पर आयोजन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आदिकाल से चली आ रही परम्परा एवं कोविड-19 के दृष्टिगत विश्व शांति एवं कल्याण के लिए ब्रहमसरोवर पर पूजा-अर्चना का एक छोटा कार्यक्रम किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन कुरूक्षेत्र द्वारा गृह मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निदेशों (एसओपी) के अनुसार 21 जून को कुरूक्षेत्र में लगने वाले सूर्यग्रहण मेले का आयोजन नहीं किया जा रहा है, इसलिए उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि वे इस मेले में स्नान एवं पूजा-अर्चना के लिए कुरूक्षेत्र न जाएं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को आयोजित किया जावेगा




**मुरैना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 21 जून को आयोजित किया जावेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि योग प्रदर्शन के दौरान कोविड–19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुवे योग प्रदर्शन कार्यक्रम में सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपने घर पर ही रहकर सम्पूर्ण जिले में एक ही समय पर स्वैच्छिक रूप से आयोजन किया जावे। योग दिवस पर योग एवं प्राणायम करने के मुख्य उद्देश्य योग के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना, तनाव से मुक्ति के लिये योगाभ्यास किया जाना है। श्रीमती दास ने निर्देश दिये है कि प्रत्येक विभाग इस आयोजन के संबंध में विभाग से एक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए 19 जून को लवहंण्ंलनैीण्हवअण्पद आईडी पर अवगत करावे। आयुष विभाग भारत सरकार द्वारा योग कार्यक्रम के दौरान किये जाने वाले योगासनो के बारे में एक कॉमन प्रोटोकॉल निर्धारित करते हुए इस बारे में एक ई–बुक एवं वीडियो तैयार किये गये है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योगाभ्यास के लिये आयुष मंत्रालय द्वारा विभिन्न माध्यमों जैसे यूट्यूब, फेशबुक, ट्वीटर, इंस्ट्राग्राम इत्यादि पर सामान्य योगा प्रोटोकॉल के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई है।

## आगामी समय में होने वाले विधानसभा उप निर्वाचन 2020 के संबंध में बैठक आयोजित

विकास त्रिपाठी

**भिंड ।** भिण्ड कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत की अध्यक्षता में आगामी समय में होने वाले विधानसभा उप निर्वाचन 2020 के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार चांदिल, संयुक्त कलेक्टर श्री इकबाल मोहम्मद, एसडीएम भिण्ड श्री ओमनारायण सिंह, गोहद श्री शुभम शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह रावत ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि आगामी समय में जिले के गोहद एवं मेहगांव में विधानसभा उप निर्वाचन 2020 संभावित है। इस हेतु सभी अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। ये सभी अधिकारीगण अपने अपने दायित्वों



का समय-सीमा में निर्वहन करें। साथ ही कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए पूर्ण सावधानी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियो से कहा कि विधानसभा उप निर्वाचन 2020 की जो जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें सभी अधिकारी समय-सीमा में रहते पूर्ण करें।

# प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति में निरंतर हो रहा सुधार

## मुख्यमंत्री चौहान ने कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। लॉकडाउन खुलने के बाद के 19 दिनों में प्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों की संख्या 3 हजार से कम है। प्रदेश के 6 जिले कोरोना संक्रमण से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं तथा 24 जिलों में 10 से कम एक्टिव प्रकरण हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, डीजीपी श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरण घटकर 2308 हो गए हैं। नए 182 प्रकरण पाए गए है, जबकि 244 मरीज स्वस्थ होकर घर गए हैं। प्रदेश की रिकवरी रेट 75.5 प्रतिशत हो गई है, भारत की रिकवरी रेट 53 प्रतिशत है। प्रदेश में अभी तक 8 हजार 632 कोरोना के मरीज स्वस्थ होकर घर गए हैं मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश में कोरोना प्रकरणों की डबलिंग रेट अब 43.2 दिन हो गई है, जबकि भारत की 19.6 दिन है। इसी प्रकार प्रदेश की कोरोना वृद्धि दर 1.62 प्रतिशत रह गई है, जबकि भारत की 3.59 प्रतिशत है।मुख्यमंत्री ने प्रभारी




अधिकारियों से ली जिले के प्रकरणों की जानकारी मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी जिलों के प्रभारी वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से उनके प्रभार वाले जिलों में कोरोना के प्रकरणों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। श्री मोहम्मद सुलेमान इंदौर, श्री फैज अहमद किदवई भोपाल, श्री संजय शुक्ला उज्जैन, श्री बी. चंद्रेशेखर नीमच, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, श्री राघवेन्द्र सिंह बुरहानपुर, खण्डवा, खरगौन, श्री डी.पी. आहुजा जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, कटनी, श्री अजीत केसरी ग्वालियर, टीकमगढ़, निवाड़ी, श्री नीतेश व्यास सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, श्री आकाश त्रिपाठी देवास, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, श्री मलय श्रीवास्तव मुरैना, भिण्ड, श्योपुर, दतिया, श्रीमती रश्मि अरूण शमी रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, आगर-मालवा, श्री शिवशेखर शुक्ला शाजापुर, शिवपुरी, गुना, श्री नीरज मंडलोई होशंगाबाद, बैतूल, हरदा, सीहोर, श्री मुकेश चंद्र गुप्ता डिण्डौरी, बालाघाट, मण्डला, सिवनी के, श्री सुखवीर सिंह अनूपपुर, शहडोल, उमरिया तथा श्री विवेक पोरवाल धार, बड़वानी, झाबुआ, अलीराजपुर के प्रभारी अधिकारी हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कम करने के लिए प्रकरणों की जल्दी पहचान कर उनका इलाज किया जा रहा है। इसके लिए हमने टेस्टिंग क्षमता को निरंतर बढ़ाया है। गत दिवस प्रदेश में कोरोना के कुल 7 हजार 103 टेस्ट किए गए। इनमें से 6 हजार 116 टेस्ट प्रदेश के अंदर तथा 987 टेस्ट प्रदेश के बाहर किए गए। प्रदेश की प्रतिदिन टेस्टिंग क्षमता 6 हजार 240 है।

# 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर घर पर ही करें योग

**भोपाल।** आगामी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। वर्तमान कोविड-19 संक्रमण डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए अपने घर पर ही रहकर पूरे प्रदेश में एक ही समय पर स्वैच्छित रूप से आयोजित किया जाना है। योग दिवस पर योग एवं प्राणायाम करने के मुख्य उद्देश्य- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना और तनाव से मुक्ति है। प्रत्येक विभाग इस आयोजन के संबंध में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। आयुष विभाग भारत सरकार द्वारा योग कार्यक्रम के दैरान किये जाने वाले योगासनों के बारे में एक कॉमन प्रोटोकाल निर्धारित करते हुए एक ई-बुक एवं वीडियों तैयार किया गया है। इसे वेबसाईट से डाउनलोड




किया जा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व योगाभ्यास के लिये आयुष मंत्रालय द्वारा विभिन्न माध्यमों जैसे- यूटयूब, फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम इत्यादि पर सामान्य योगा प्रोटोकाल के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई है। कॉमन योगा प्रोटोकाल 45 मिनट की अवधि का रहेगा जो दूरदर्शन एवं अन्य माध्यमों से निर्धारित समय प्रातः 7 बजे से 7:45 बजे तक प्रसारित होगा। इस अवधि में जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामान्यजन, महाविद्यालय एवं विद्यालयों के विद्यार्थी, एन.सी.सी.केडिट, विभिन्न योग संस्थाओं के सदस्य, अभिभावक इत्यादि योग कार्यक्रम में घर पर ही रहकर स्वेच्छा से भाग ले सकेंगे। यह आयोजन पूर्णतयः स्वेच्छिक है। अस्वस्थता की स्थिति में कदापि आयोजन में सहभागिता नहीं करें। कोविड-19 वायरस संक्रमण के कारण योग का कोई भी सामूहिक आयोजन नहीं किया जायेगा।

## दस दिन में माशिमं की दसवीं का परीक्षा परिणाम

**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं का परिणाम दस दिन के अंदर घोषित कर दिया जाएगा। मंडल का रिजल्ट बनाने का काम अंतिम चल चरण में है। इस बार दसवीं के विद्यार्थियों को बेस्ट फाइव की पालिसी लागू नहीं की है। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड परीक्षा तीन मार्च से शुरू हुई थी। दसवीं परीक्षा में करीब 11 लाख 29 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसी बीच कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन घोषित हो गया था। इससे दसवीं में विशिष्ट भाषा- हिंदू, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू और द्वितीय व तृतीय भाषा (सामान्य) हिंदी की परीक्षा संपन्न नहीं हो पाई थी। दसवीं में मुख्य विषयों के पेपर हो चुके थे। दसवीं के विद्यार्थियों की कापियों का मूल्यांकन लॉकडाउन में होम वैल्यूएशन करके करवाया गया।

### आदिम-जाति कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में हुई संचालक मंडल की बैठक

# आवासीय विद्यालयों में स्वीकृत सीटों के अनुसार छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित हो

**भोपाल।** आदिम-जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा है कि विभाग द्वारा संचालित एकलव्य समेत अन्य आवासीय विद्यालयों में स्वीकृत सीटों के अनुसार शत-प्रतिशत छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधा के समान ही राज्य सरकार के कन्या आवासीय विद्यालयों के की छात्राओं भी यह सुविधा दी जाए। आदिम-जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह आज मंत्रालय में संचालक मंडल की 35वीं बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में प्रमुख सचिव आदिम-जाति कल्याण श्रीमती पल्लवी जैन गोविल सहित स्कूल शिक्षा और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।



आदिम-जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा कि एकलव्य आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने संस्था के लिये मंजूर क्वालिटी सेल को तत्काल शुरू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। मंत्री सुश्री मीना सिंह ने एकलव्य आवासीय विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिये मंजूर राशि का उपयोग करने और निर्माण कार्य तत्काल शुरू किये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। आदिम-जाति कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने एकलव्य आवासीय विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिये एजेंसी का चयन करने में संयंत्रों के रख-रखाव की शर्तों का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिये।

# खरीदी मण्डी शेड में ही होना सुनिश्चित करें - मंत्री पटेल

### मंत्रालय में उपार्जन संबंधी समीक्षा की



**भोपाल।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने आज चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन संबंधी समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि खरीदी का कार्य मण्डी शेड में ही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहाँ पर चना उपार्जन का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, वहाँ उपार्जन कार्य जारी रखा जाये। मंत्री श्री पटेल ने ग्रीष्मकालीन मूँग की फसल का पंजीयन 25 जून तक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चना, मसूर, सरसों की खरीदी की तिथि भारत सरकार की समर्थन मूल्य नीति के अनुसार 29 जुलाई तक होना संभावित है। इसे दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में मंत्री श्री पटेल ने धार कलेक्टर द्वारा 6 जून को खरीदी कार्य बंद करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये। मंत्री श्री पटेल ने परिवहन कार्य में लापरवाही बरतने वाले ट्रांसपोर्टरों से राशि काटने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर परिवहन कार्य 72 घटे से अधिक देरी से प्रारंभ हुआ है, वहाँ अनिवार्य रूप से ट्रांसपोर्टरों से राशि काटी जाये। श्री पटेल ने बैठक में गत वर्ष प्रायवेट वेयर-हाउस पर बनाये गये खरीदी केन्द्रों, आधा प्रतिशत कमीशन राशि प्राप्त करने वाले वेयर-हाउस, वेयर हाउसों को दी गई राशि संबंधी समस्त जानकारी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रमुख सचिव, सहकारिता को दिये। मंत्री श्री पटेल ने मण्डी एक्ट में संशोधन के उपरांत सहकारी समितियों को उपार्जन से प्राप्त होने वाली राशि और होने वाले नुकसान का आकलन कराये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समितियों को नुकसान न हो, इसके लिये आवश्यक प्रबंध किये जायें। बैठक में प्रमुख सचिव, सहकारिता शिवशेखर शुक्ला, एम.डी. मार्कफेड पी. नरहरि, संचालक, कृषि संजीव सिंह और अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## चना, मसूर, सरसों की खरीद 29 जुलाई तक होगी

**भोपाल।** रबी फसलों चना, मसूर और सरसों की प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हो रही खरीदी 29 जुलाई तक चलेगी। अब खरीद सिर्फ एसएमएस देकर बुलाए जाने वाले किसानों से की जाएगी, ताकि भंडारण का इंतजाम भी साथ-साथ किया जा सके। कृषि विभाग ने खरीद की अंतिम तारीख 15 जून को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। कृषि मंत्री कमल पटेल ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी फसल को घर में ही रखें। पंजीकृत किसानों से दाना-दाना खरीदा जाएगा।

# प्रदेश की 15 पंचायतों को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

## पंचायतों को मिली सराहना

**भोपाल।** भारत सरकार द्वारा पंचायतों के राष्टीय अवार्ड घोषित किए गए हैं। मध्यप्रदेश की 15 पंचायतों को यह अवार्ड मिला है। दो जिला पंचायत नीमच, मंदसौर और दो जनपद पंचायत आलोट एवं होशंगाबाद सहित प्रदेश की 11 ग्राम पंचायतों को पुरस्कार मिला है। पंचायतों द्वारा सेवाओं के बेहतर प्रदाय पर दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार दिया गया है। पंचायत राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पुरस्कारों में जिला पंचायत को प्रमाण-पत्र सहित 50 लाख रूपये, जनपद पंचायत को प्रमाण-पत्र सहित 25 लाख रूपये और ग्राम पंचायतों को उनकी जनसंख्या के अनुसार प्रमाण-पत्र के साथ पाँच लाख से 15 लाख तक के पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। प्रदेश की 11 ग्राम पंचायतों को राजस्व आय में बढोत्तरी, प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और सामाजिक विकास के क्षेत्र में किये गये कार्यों के लिये पुरस्कृत किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रौशन करने वाली ग्राम पंचायतों में नीमच जिले की ग्राम पंचायत भरवड़िया, सागर जिले की दो ग्राम पंचायत मरामाधौ एवं तुमरी, इंदौर जिले की ग्राम पंचायत पोटलोद, होशंगाबाद जिले की ग्राम पंचायत बाबईखुर्द, धार जिले की ग्राम पंचायत सुंदरेल, सीधी जिले की ग्राम पंचायत पनवार चौहानन, मंदसौर जिले की ग्राम पंचायत पाड़लिया मारू, रतलाम जिले की ग्राम पंचायत कंसर, सीहोर जिले की ग्राम पंचायत मूगली और रतलाम जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ी शामिल हैं। मध्यप्रदेश की पंचायतों को मिले ये पुरस्कार पंचायतों के बेहतर कामकाज के परिणाम हैं

# 1 जुलाई से अनलॉक फेस-2 में सरकार ले सकती हैं फैसला

**भोपाल।** कोरोना संक्रमण के बीच सरकार राज्य में सभी तरह की गतिविधियां सामान्य करने पर विचार कर रही है। ऐसे में 1 जुलाई से प्रदेश में सबकुछ सामान्य हो सकता है। हर तरह की आर्थिक गतिविधियां संचालित हो सकती हैं। हालांकि स्कूल खोलने का फैसला अभी नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से चर्चा के दौरान अनलॉक कर हल तलाशने को कहा है। इसके बार सरकार इसकी तैयारी में जुट गई है। पीएम की वीडियो




कॉफ्रेंस में बताया कि मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण की गति पूरे देश की तुलना में आधी से भी कम है। मध्यप्रदेश की कोरोना संक्रमण ग्रोथ रेट 1.7 प्रतिशत है, वहीं भारत की 3.8 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश की डबलिंग रेट 41.1 दिन है जबकि भारत की 19.4 दिन है। मध्यप्रदेश में अनलॉक-01 के बाद कोरोना की वृद्धि दर में कमी आयी है। 30 मई को मध्यप्रदेश में कोरोना की वृद्धि दर 3.01 प्रतिशत थी जो 16 जून को घटकर 1.7 प्रतिशत रह गई। गत 12 मई को मध्यप्रदेश में कोरोना की वृद्धि दर 3.9 प्रतिशत थी। मध्यप्रदेश के अधिक संक्रमण वाले शहरों इंदौर, भोपाल तथा उज्जैन में कोरोना की ग्रोथ रेट में निरंतर कमी आ रही है। इंदौर की डबलिंग रेट 73.9 दिन, भोपाल की डबलिंग रेट 25 दिन तथा उज्जैन की 49.8 दिन रह गई है। मध्यप्रदेश में 14 लाख 3 हजार प्रवासी श्रमिक लौटे, जिनमें सर्वाधिक बालाघाट में एक लाख तथा झाबुआ में 87 हजार श्रमिक लौटकर आए। इनमें से 12 लाख 3 हजार श्रमिकों को होम क्वारेंटाइन किया गया तथा 63 हजार 387 श्रमिकों को संस्थागत क्वारेंटाइन किया गया। इन श्रमिकों में 19 हजार 130 के सैम्पल लिए गए, जिनमें से 430 सैम्पल कोरोना पॉजीटिव पाए गए।

## संपादकीय

# क्यों आक्रामक चीन

बॉर्डर पर चीन की गुस्ताखी का सेना ने मुंहतोड़ जवाब तो दिया ही। अब आर्थिक मोर्चे पर भी चीन को उसकी हरकतों की सजा देने की शुरुआत हो गई है। भारत सरकार ने सरकारी टेलिकॉम कंपनियों से किसी भी चीनी कंपनी के इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल न करने को कहा है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के टेंडर को कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही, प्राइवेट मोबाइल फोन ऑपरेटर्स के लिए भी हुवाई और जेट जैसे चीनी ब्रैंड्स से दूर रहने का नियम बनाया जा सकता है। भारतीय टेलिकॉम इक्विपमेंट का एनुअल मार्केट 12,000 करोड़ रुपए है। इसमें से एक-चौथाई पर चीन का कब्जा है। बाकी में स्वीडन की एरिक्सन, फिनलैंड की नोकिया और साउथ कोरिया की सैमसंग शामिल है। लेकिन इतने भर से चीन मानने वाला नहीं है। उसे ऐसा आर्थिक झटका देना होगा, जो उसे हमेशा याद रहे। लद्दाख के गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच पिछले एक महीने से ज्यादा वक्त से चला आ रहा तनाव सोमवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हो गए जबकि चीन के 40 जवान मारे गए। इस घटना के बाद दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है। भारत ड्रैगन को घेरने के लिए बड़ी तैयारी कर रहा है। चीन ने भी एलएसी पर अपनी सेना बढ़ाई है खासतौर से गलवां, बेग ओल्डी, देपसान्ग, चुशुल और पूर्वी लद्दाख के दूसरे इलाकों में। मगर ऐसा लग रहा है कि भारतीय सेना युद्ध के लिए पूरी तरह से अलर्ट पर है। लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक एलएसी पर सेना किसी भी तरह की स्थिति का सामना करने के लिए मुस्तैद है। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर 15 हजार सैनिक फॉरवर्ड इलाकों में हैं और इससे भी ज्यादा उनके पीछे खड़े हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर क्या वजह रही कि चीन ने लद्दाख में ये कदम उठाए और आने वाले समय में दोनों देशों के बीच तनाव कहां तक जाएगा। यह तो तय है कि चीन पर भारत का रुख 21वीं सदी की दिशा तय करेगा। अमेरिका के साथ भारत के मजबूत होते रिश्ते चीन की आंखों में खटक रहा है। लद्दाख में मिलने वाला पानी और खनिज बहुत अहम है। लेकिन लद्दाख ऐसा इलाका नहीं है आप यहां आसानी से ये सब हासिल कर पाएं। असल बात यह है कि लद्दाख में विवाद से चीन भारत पर दबाव बनाना चाहता है। मौजूदा विश्व में यह काफी अहम होने वाला है। यही नहीं, चीन भारत के अमेरिका के साथ बढ़ते रिश्तों से भी बौखलाया हुआ है।

कोविड-19 से पहले से यहां पैसे की कमी के कारण निवेश घटा है। इसके अलावा कुछ बड़े प्रोजेक्ट के कारण भी ये स्थिति बनी है। बीआरआई प्रोजेक्ट के आउटकम पर चीन और इसके देशों में उलझन रही है। हालांकि, बीआरआई अभी बना हुआ है। अमेरिका से तनातनी के बीच चीन यह दिखाना चाहता है कि वह कई जगह एकसाथ काम कर रहा है। बीआरआई में शामिल कई देश केवल निवेश ही नहीं बल्कि चीन के साथ संबंध को लेकर चिंतित हैं। निश्चित तौर पर, यह भारत के लिए चेतावनी है कि वह अमेरिका के साथ नजदीकी रिश्ते न बनाए। भारत कई वजहों से अमेरिका का रणनीतिक सहयोगी बनना चाहता है। इसलिए यहां बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। भारत अपने लंबे भविष्य के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकता है। अगर भारत चीन को कड़ा और सख्त जवाब देता है तो इसका मतलब होगा कि वह अमेरिका के साथ करीबी रिश्ते जारी रखेगा। अमेरिका भी पिछले कुछ समय से यही चाह रहा है। अच्छी बात यह है कि इस तनाव से भारत को मजबूती ही मिली है। अगर, भारत कोई अलग रास्ता अख्तियार करता है तो 21वीं सदी कुछ अलग हो सकती है। अब दो विकल्प बचे हैं। पहला, या तो भारत चीन के साथ रिश्ते सुधारने की कोशिश करे। जिससे दोनों देशों के प्रमुख कह सके कि तनावपूर्ण वक्त में भी वे शांति कायम कर सकते हैं और एशिया का दो सुपरपावर मिलकर समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। दूसरे विकल्प में पहले से ही खराब रिश्तों और ज्यादा खराब होंगे। दोनों देशों के नेताओं ने पहले भी मतभेदों को भुलाने की इच्छा जता चुके हैं।

# भारतीय रेल की ऐतिहासिक उपलब्धि श्रमिक स्पेशल ट्रेनें. . .

हाल ही में कई मीडिया और अन्य कई सोशल मीडिया माध्यमों द्वारा रिपोर्ट किया गया कि श्रमिक विशेष गाड़ियां अपने मार्ग से भटक गई हैं। वे अपने गंतव्य तक, घंटों की बजाय कई दिनों में पहुंच रही हैं। श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के यात्रियों, विशेषतः प्रवासी मज़दूरों, जिन्हें गाड़ी परिचालन के बारे में ज़्यादा कुछ जानकारी नहीं है, उन्होंने कई ऐसे वीडियो पोस्ट किए हैं जिसमें उन्होंने यह दावा किया है कि गाड़ियां अपने मार्ग से भटक गई हैं और ये वीडियो वायरल हो गए हैं।

वास्तविकता यह है कि ट्रेनें कभी अपने मार्ग से भटकती नहीं है। ड्राइवर अथवा लोको पायलट कभी भी ट्रेन को न तो डाइवर्ट कर सकते हैं और न ही अपने मनचाहे मार्ग से ले जा सकते हैं। आम आदमी भी जानता है कि ट्रेन में स्टेरिंग नहीं होती है। जंक्शन स्टेशनों पर नियंत्रक मंडल कंट्रोल से क्लीयरेंस मिलने के बाद ट्रेन के आगे जाने के लिए सब कुछ सेट करता है; जबकि मंडल भी ज़ोनल कंट्रोल से अनुदेश प्राप्त करता है। ट्रेन परिचालन विभिन्न मंडलों और ज़ोनों के एक साथ मिलकर काम करने पर सम्भव होता है और उनके उचित समन्वयन से ही ट्रेनें सुगमता पूर्वक चलाई जाती हैं। लॉकडाउन से पहले भारतीय रेल द्वारा पैसेंजर ट्रेन ऑपरेशन में 13,000 से अधिक पैसेंजर ट्रेनें और 9000 से अधिक गुड्स ट्रेनें लगभग 90त्न समयपालनता के साथ प्रतिदिन चलाई जा रही थीं। परिचालन से जुड़े इतने विशालकाय कार्य को करने की क्षमतावाली इस प्रणाली में इसकी ट्रेनों के मार्ग भटकने की बात उचित नहीं है।

भारतीय रेल द्वारा ऐसे अभूतपूर्व समय में पॉइंट-टू-पॉइंट आधार पर श्रमिक स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेलवे को ट्रेनों के आरंभिक स्टेशन और गंतव्य स्टेशन के बारे में अग्रिम रूप से योजना तैयार करने सम्बंधी कोई छूट नहीं होती है और न ही अग्रिम तौर पर समय सारणी तैयार की जाती है। गंतव्य स्टेशन वाले राज्य से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद राज्य सरकार से ट्रेन की मांग की जाती है। यह सब अत्यंत अल्प अवधि की सूचना पर तय होता है, जिससे रेलवे को रेक उपलब्धता के साथ-साथ क्रू, इंजन, मार्ग, मार्ग देने के लिए अन्य रेलों के साथ समन्वय करने जैसे अन्य विविध महत्वपूर्ण कार्यों पर योजना तैयार करने के लिए बहुत कम समय मिल पाता है। तथापि तुरंत सम्बंधित गाड़ी के लिए अनुमोदन प्राप्त किया जाता है, मार्ग निर्धारित किया जाता है, टाइम शेड्यूल तैयार किया जाता है और राज्य सरकार से यात्रियों को स्टेशन तक पहुँचने की व्यवस्था करने के लिए कहा जाता है। स्टेशन पर 2 से 3 घंटे पहले रेक लगा दिया जाता है, जिससे कि राज्य प्राधिकारियों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग नियमों का पालन करते हुए बोर्डिंग की व्यवस्था की जा सके। ट्रेन की मांग से लेकर प्लेटफार्म पर लेट लगने के बीच प्रतीक्षा अवधि न्यूनतम रखी जाती है जिससे कि प्रवासियों को असुविधा न हो।

निर्धारित शेड्यूल, रूट और हॉल्ट के साथ रेलवे का निर्धारित ट्रेन पैटर्न है। इसे मांग, सेक्शन क्षमता इत्यादि को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाता है। यद्यपि श्रमिक विशेष गाड़ियां चार्टर्ड गाड़ियां हैं अर्थात शून्य या कुछ हाल्ट सहित विशेष उद्गम स्थान से गंतव्य तक। इन गाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा मांग के स्टेशन या अपेक्षित स्टेशन के लिए चलाया जा रहा है। छोटे स्टेशनों पर क्षमता बाधा होने के बावजूद रेलवे द्वारा मोरवी, धौला, व्यारा इत्यादि जैसे दूरस्थ और छोटे स्टेशनों पर रेक उपलब्ध करवाकर प्रशंसनीय कार्य किया गया है।

श्रमिक विशेष गाड़ियां वापसी की दिशा में खाली आती हैं। वास्तव में रेलवे इन गाड़ियों के परिचालन की लागत का 85त्न स्वयं वहन करती है, जिसमें शुरुआती स्टेशन से ढुलाई जो कि दूरस्थ स्टेशन हो सकता है, खाली गाड़ी की वापसी इत्यादि जैसी लागत शामिल है। राज्य सरकारों से इसका 15त्न ही वसूल किया जाता है। क्रू प्रबंधन भी



काफी चुनौतीपूर्ण होता है। ड्यूटी समाप्त होने पर लोको पायलट, गार्ड, आरपीएफ कर्मचारी बीच के स्टेशनों पर फंस जाते हैं। उन्हें गुड्स ट्रेन या अन्य कोई उपलब्ध गाड़ी से वापस लाया जाता है। भारतीय रेलवे ने 53 लाख से अधिक प्रवासियों को उनके गृह राज्यों में ले जाने के लिए दिनांक 28.05.2020 तक 3700 श्रमिक स्पेशल चलाई हैं। इनमें से 80त्न ट्रेनें पूरे भारत पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाती है। इसे सबसे बड़ी निकासी कार्रवाई में से एक माना जा सकता है।

मई 20 और 21 को कई राज्यों से भारी मांग के कारण कई श्रमिक विशेष मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए इटारसी - जबलपुर - पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के अंतिम आम मार्ग से चलाई, जिससे इस मार्ग पर भी बढ़ गई। यात्रियों के बोर्डिंग में समय लगने के कारण, आने वाली सभी ट्रेनों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। प्रवासियों का स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं है और उनमें से कई रास्ते में बीमार पड़ने के कारण गाड़ियों को बीच में रोकना पड़ा। हाल ही में, पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों ने दो गर्भवती महिला यात्रियों को प्रसव के लिए सहायता प्रदान की। श्रमिक विशेष में यात्रा कर रही लगभग 35 गर्भवती महिला यात्रियों के यात्रा के दौरान प्रसव हो चुके हैं और रेल कर्मचारियों ने प्रसव में सहायता की और ट्रेन को रोक दिया गया।

पश्चिम रेलवे द्वारा यूपी, बिहार एवं आगे के स्टेशनों के लिए भी जलगांव -इटारसी-जबलपुर मार्ग से विविध ट्रेनें चलाई गई क्योंकि यह सबसे कम दूरी वाला मार्ग है। दिनांक 21 मई को पश्चिम रेलवे द्वारा 29 ट्रेनें इस रूट से रवाना की गईं। इसी बीच, अन्य ज़ोन, विशेष तौर पर मध्य रेलवे को पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार राज्यों के लिए ट्रेन चलाने का अनुरोध प्राप्त हुआ, जिसकी वजह से कंजेशन बढ़ गया। परंतु स्थिति की नाजुकता को समझते हुए पश्चिम रेलवे के प्लानिंग प्रमुखों ने तत्काल वैकल्पिक योजनाएं तैयार कीं और कुछ ट्रेनें जो पहले ही रवाना हो चुकी थीं, उन्हें नागपुर मार्ग पर डायवर्ट कर दिया गया। दिनांक 21 मई को रवाना की गई ऐसी ही एक विशेष ट्रेन वसई - गोरखपुर स्पेशल जिसे कल्याण, खंडवा ङ्क इटारसी - जबलपुर - पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन रूट से जाना था, उसे बिलासपुर - झारसुगुड़ा ङ्क राउरकेला - आसनसोल रूट पर डायवर्ट कर दिया गया। इससे रनिंग के समय में तो कुछ घंटे की वृद्धि हुई, परंतु इससे व्यस्त सेक्शनों को कुछ राहत मिली।

रेलवे बोर्ड तत्काल हरकत में आया और रूटों की पुनः योजना बनाते हुए नई मांग के अनुसार ट्रेनों का परिचालन इन नए रूपों से करने लगी। पश्चिम रेलवे द्वारा तीन वैकल्पिक और रुटों की पहचान की गई और उसके बाद की ट्रेनें इसी नए वैकल्पिक मार्ग से चलाई गई। यद्यपि ये नए रूट कुछ अधिक दूरी वाले थे, परंतु जलगांव - इटारसी - जबलपुर के व्यस्त सेक्शन से बचा जा सका। इसके परिणामस्वरूप अधिक ट्रेनों की मांग में कमी के साथ ही इटारसी - जबलपुर सेक्शन की व्यस्तता भी कम हुई। पश्चिम रेलवे अब ओडिशा की ट्रेनों को सूरत मार्ग से चला रही है; जबकि उत्तर प्रदेश एवं बिहार की ट्रेनें रतलाम - भोपाल और कोटा - आगरा मार्ग से चलाई जा रही हैं। दिनांक 21 मई के पश्चात पश्चिम रेलवे द्वारा इन मार्गों से एक सप्ताह में 200 ट्रेनें चलाई गई हैं।

श्रमिक स्पेशल मार्ग में पड़ने वाले राज्यों के स्टेशनों पर नहीं रुकती हैं, अतः इससे बीच के स्टेशनों पर चढ़ने / उतरने वालों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। वास्तव में, परिवर्तित मार्ग के स्टेशनों पर भोजन के पैकेट उपलब्ध कराना रेलवे के लिए काफी चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। ट्रेनों में जन उद्घोषणा प्रणाली का कोई प्रावधान नहीं है जिससे यात्रियों को परिवर्तित मार्ग के संबंध में सूचना देना सम्भव नहीं था। यद्यपि ऑपरेशनल हॉल्ट पर घोषणाएं की गई थीं, परंतु इससे यात्रियों के चिंता के स्तर में कोई कमी नहीं हुई जो नियमित ट्रेनों द्वारा उसे विशेष रूट पर यात्राएं करते हैं। इटारसी जैसे एक स्टेशन पर, जहां से प्रतिदिन लगभग 70 से 80 गाड़ियां गुजरती है तथा प्रत्येक गाड़ी में 1600 यात्रियों के लिए रोजाना तकरीबन 1.25 लाख भोजन उपलब्ध कराने की आवश्यकता होती है। लॉकडाउन एवं श्रमशक्ति में कमी के बावजूद भी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसके साथ ही रिलीजिंग स्टेशनों से ट्रेन चालक दल को पुनः वापस लाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसी बीच, यह रिपोर्ट आ रही थी कि गर्मी के मौसम के दौरान कई यात्रियों की भूख एवं प्यास से मृत्यु हो गई है। जबकि ऐसे कोई भी मामले नहीं थे, जहां मृत्यु भूख एवं प्यास से हुई हो। अधिकांश मामलों में यात्री को पहले से कोई बीमारी थी तथा रेलवे की यह अपील थी कि यदि किसी को पहले से किसी भी प्रकार की बीमारी है, तो यात्रा करने से बचें; परंतु इसके बावजूद भी रेल यात्राएं की गई।

# कोरोना संक्रमण पर गर्मी का कितना प्रभाव?

अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (सीडीसी) ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि गर्मी के कारण कोरोना वायरस सतह पर ज्यादा देर तक नहीं टिक पाएगा। भारत में तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण के दृष्टिकोण से सीडीसी के इस बयान को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भारत के अनेक इलाके इस समय भीषण गर्मी से बुरी तरह तप रहे हैं और संक्रमण के आंकड़े भी तेजी से सामने आ रहे हैं। सीडीसी का कहना है कि किसी सतह पर वायरस वैसे भी कुछ घंटे ही टिक पाता है लेकिन गर्म मौसम और सूर्य की तेज रोशनी इसके जीवित रहने के समय को और कम कर देगी। कोरोना का कहर पूरी दुनिया में जारी है, जिससे अब तक विश्वभर में साढ़े तीन लाख से भी ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और 50 लाख से ज्यादा संक्रमित हो चुके हैं। भारत में भी अब प्रतिदिन कोरोना के छह हजार से ज्यादा नए मरीज सामने आ रहे हैं और मरीजों का आंकड़ा करीब डेढ़ लाख पहुंच चुका है। हालांकि सीडीसी के बयान से पहले भी कुछ शोधकर्ता कह चुके हैं कि गर्मी में कोरोना का जल्द ही खात्मा हो जाएगा लेकिन भारत में भीषण गर्मी में भी जिस प्रकार कोरोना के मामले कम होने के बजाय तेज गति से बढ़ रहे हैं, ऐसे में फिलहाल तो इसकी कोई संभावना नजर नहीं आती। अधिकांश शोधकर्ताओं ने गर्मी बढ़ने पर कोरोना के खत्म होने के प्रामाणिक दावे नहीं किए हैं लेकिन कुछ शोधकर्ता ज्यादा गर्मी बढ़ने पर कोरोना का प्रकोप कम होने की आशंका




अवश्य जता चुके हैं। चीन में किए गए एक अध्ययन के मुताबिक बढ़ते तापमान तथा मौसम में नमी से कोरोना का बढ़ता प्रभाव कम हो सकता है। चीन के करीब सौ गर्म शहरों में बीजिंग और शिन्हुआ यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए इस अध्ययन के अनुसार ज्यादा गर्मी अथवा नमी से भी कोरोना के प्रकोप को खत्म तो नहीं किया जा सकता लेकिन इसके तेजी से फैलने पर अंकुश अवश्य लगाया जा सकता है। शोधकर्ताओं का दावा है कि सौ चीनी शहरों में जैसे ही तापमान बढ़ा, कोरोना संक्रमित मरीजों की औसत संख्या 2.5 से गिरकर 1.5 रह गई थी। उनका कहना है कि एक समय चरम पर पहुंचे कोरोना के प्रकोप में वहां हुए मौसम में बदलाव के साथ ही गिरावट दर्ज की जाने लगी थी। सार्स वायरस की तलाश करने वाले हांगकांग यूनिवर्सिटी में पैथोलॉजी के प्रोफेसर जॉन निकोल्स भी मानते हैं कि कोरोना पर गर्मी का प्रभाव पड़ सकता है। उनके अनुसार यह वायरस 'हीट सेंसेटिव' है और गर्मी के मौसम में इसके फैलाव में कमी आ सकती है। वह कह रहे हैं कि जिन जगहों पर बहुत ज्यादा गर्मी है, वहां कोरोना का सामुदायिक संक्रमण होने का खतरा कम होता है। अमेरिका में मैसाचुसेट्स इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी तथा यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के शोधकर्ता भी कुछ ऐसा ही कह चुके हैं। उनके मुताबिक मार्च महीने के आखिर तक अमेरिका के एरिजोना, टेक्सास तथा फ्लोरिडा जैसे गर्म क्षेत्रों में न्यूयार्क तथा वाशिंगटन की भांति मामले सामने नहीं आए थे। हालांकि शोधकर्ताओं ने इसी के साथ यह चेतावनी भी दी थी कि उनके अध्ययन का अर्थ यह नहीं है कि कोरोना वायरस गर्म तथा नमी वाले क्षेत्रों में नहीं फैल सकता। वैसे राष्ट्रीय विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं आयुर्विज्ञान अकादमी की रिपोर्ट के मुताबिक पर्यावरणीय तापमान, नमी तथा किसी व्यक्ति के शरीर के बाहर वायरस के जिंदा रहने के अलावा कई और कारक हैं, जो वास्तविक दुनिया में मनुष्यों के बीच संक्रमण की दर को प्रभावित और निर्धारित करते हैं। मौसम में गर्मी बढ़ने का कोरोना वायरस पर क्या और कितना प्रभाव होगा, भले ही कुछ शोधकर्ता इसके बारे में कुछ भी कह रहे हों लेकिन इसका कोई पुष्ट प्रमाण नहीं है कि बढ़ते तापमान का कोरोना वायरस पर क्या असर होगा? भारत में तापमान लगातार बढ़ रहा है, कई इलाकों में 45 डिग्री पार कर चुका है लेकिन कोरोना के मामले कम होने के बजाय बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। ऐसे में तापमान बढ़ने पर कोरोना का प्रकोप कम होने के दावों पर भरोसा करना कठिन हो गया है। भीषण गर्मी में भी कोरोना के मामले तेजी से सामने आने के कारण बहुत से विशेषज्ञ अब कहने लगे हैं कि गर्मी में कोरोना का प्रभाव खत्म होगा या नहीं, इसके कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं हैं, इसलिए केवल तापमान के भरोसे मत बैठिये। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी कह चुका है कि हमें कोरोना वायरस के प्रकोप को खत्म करने के लिए गर्म तापमान पर भरोसा नहीं करना चाहिए।



## सुन लो करुण पुकार

माना पशु हैं हम मगर,हम में भी हैं प्राण।
हमें मार इंसानियत,का दे दिया प्रमाण।

हमें जानवर जान कर,किया पेट पर वार।
किन्तु जानवर कौन है,कर लो स्वयं विचार।

एक अजन्में जीव की,सुन लो जरा कराह।
संग तड़प कर मर रहा,मेरा भी शिशु आह!

सजा मौत की है मिली,जो बिल्कुल निर्दोष।
जो था जन्मा ही नहीं, उसका क्या था दोष?

नीचे का कानून यदि,करे भले ही माफ।
लेकिन अब तो होयगा,ऊपर ही इंसाफ।



श्याम सुन्दर श्रीवास्तव कोमल
व्याख्याता-हिन्दी
अशोक उ0मा0विद्यालय,
लहार,भिण्ड,म0प्र0

# स्टेप मदर किरण की दी लाल साड़ी में बला की हसीन नजर आई आमिर की बेटी इरा खान

**मुंबई।** स्टार बेटे-बेटियों के किशोरवय होने के साथ ही उनके स्टाइल और अंदाज को लेकर प्रशंसकों में जिज्ञासा बढ़ जाती है और उनके पहनावे को लेकर चर्चा होने लगती है। अब लॉकडाउन के बीच आमिर खान की बेटी इरा खान सोशल मीडिया पर अपना अलग-अलग अंदाज दिखाते हुए प्रशंसकों का मनोरंजन कर रही हैं। इनमें से कुछ बोल्ड लुक्स हैं, तो कुछ क्यूट। वहीं ईद के मौके को सेलिब्रेट करने के लिए इरा ने अपने लिए पारंपरिक तरीका चुना। इरा खान ने त्योहार को मनाने के लिए बेहद खूबसूरत लाल रंग की साड़ी पहनी थी। इसमें रेड और सिल्वर थ्रेड का लाइनिंग प्रिंट देखा जा सकता है, जो इसे प्लेन साड़ी से हटकर लुक दे रहा था। इरा ने इसे ब्लैक स्लीवलेस ब्लाउज के साथ मैच किया था। वैसे इस साड़ी के लुक में भी आमिर की लाडली अपने फंकी फैशन लव को ऐड करती नजर आई। उन्होंने साड़ी के साथ चूड़ियां पहनने की जगह एक हाथ में स्पोर्ट्स वॉच, तो दूसरे में कूल लुकिंग ब्रेसलेट पहने थे। इरा ने कानों में मीडियम लेंथ के सिल्वर झुमके पहने थे। वहीं उन्होंने अपने लुक को



पूरी तरह से नो-मेकअप रखा था। हालांकि, उन्होंने काजल जरूर लगाया था, लेकिन यह भी काफी लाइट ही रखा गया था। इरा ने बालों को मेसी रखते हुए साइड पार्ट किया था। इरा खान के इस अंदाज की लोगों ने जमकर प्रशंसा की। उनके दोस्तों और कजिन्स ने भी इंस्टाग्राम पर एक के बाद एक कई कॉमेंट्स किए और इस नैचरल ब्यूटी के ट्रडिशनल लुक को प्रेज किया। इनमें से एक इरा की कजिन जैन मैरी भी थीं, जिन्होंने सवाल किया %क्या यह वही साड़ी है जो किरण आंटी ने तुम्हें दी थी ? यह गॉरजस है।% इस कॉमेंट को देखकर लगता है कि इरा को खूबसूरत लाल साड़ी उनकी स्टेप मॉम किरण राव ने तोहफे में दी है। कुछ दिन पहले भी इरा खान साड़ी में नजर आई थीं। उन्होंने अपनी कजिन की डेब्यू मूवी की होम स्क्रीनिंग के लिए येलो कलर की साड़ी पहनी थी। इस साड़ी को उन्होंने ड्रेसअप तो ट्रडिशनल वे में किया था, लेकिन इसे पहना उन्होंने जुगाड़ से था। इरा ने साड़ी के साथ पेटीकोट नहीं बल्कि शॉर्ट्स पहने थे और यह राज उन्हीं की शेयर्ड तस्वीरों से खुला था।

# अक्षय के नक्शे कदम पर चल रहे उनके बेटे

**मुंबई ।** एक्टर अक्षय कुमार को शुरुआत से कुकिंग का बहुत शौक है। अब उनके बेटे आरव भी अक्षय के नक ?शे कदम पर चल रहे हैं। दरअसल आरव को भी कुकिंग का शौक है और उन ?होंने चॉकलेट ब्राउनी केक बेक किया है। आरव की मां ट्वि ?कल खन्ना ने सोशल मीडिया पर केक की तस्वीर शेयर की है। ट्विंकल ने फोटो शेयर करते हुए लिखा कि मैंने उसे प्रोड्यूस और 17 साल बाद उसने चॉकलेट ब्राउनी केक को प्रोड्यूस किया है। बता दें कि फिल ?मों में आने से पहले एक कॉम ?बैट स ?पोर्ट की ट्रेनिंग के



दौरान अक्षय बैंकॉक में शेफ के तौर पर काम करते थे। आज भी वे समय-समय पर अपने इस स ?कि ?ल का जिक्र करते रहते हैं। इसके अलावा अक्षय मास्टर शेफ इंडिया में भी नजर आए थे। एक इंटरव ?यू के दौरान अक्षय ने आरव के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर बताया था कि वह अभी बहुत छोटा है, उसका मन अभी सिर्फ पढ़ाई में लगता है। मुझे नहीं पता कि वह इंडस्ट्री में आना भी चाहेगा या नहीं। मैं उसके साथ जबरदस्ती नहीं करूंगा।



# नीयत सही हो तो बातों का बुरा नहीं लगता : कंगना

**मुंबई ।** अपने विवादित बयानों के लिए मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत का मानना है कि जब तक उनकी नीयत सही है, तब तक उन्हें अपने द्वारा कही गई बातों का बुरा नहीं लगता। उन्होंने कहा, ÷आलोचना मुझे कड़वा नहीं बनाती है। कंगना ने कहा, ÷मैं जब भी किसी बुराई के खिलाफ कुछ कहती हूं, तो मैं हमेशा इस बात को देखती हूं कि मेरा इरादा क्या है।÷ नेपोटिज्म, यौन शोषण, असमानता प्रेरित भुगतान और सभी प्रकार का बुरा व्यवहार जो कि एक बाहरी व्यक्ति को बॉलीवुड में सहना पड़ता है, जब भी मैंने इसे लेकर बात की है और नाम उजागर किए हैं, ये सभी बातें मेरे करियर के खिलाफ गईं। लेकिन कोई भी इन बातों को नजरअंदाज नहीं कर सकता।÷ फिल्म %जजमेंटल है क्या% के एक प्रमोशन इवेंट के दौरान एक पत्रकार से उनकी कहासुनी हो गई थी, और इसको लेकर भी उनकी काफी आलोचना हुई थी। उन्होंने कहा कि मीडिया ने उनके द्वारा किए गए कई अच्छे कार्यों की सराहना भी की है। उन्होंने कहा कि वह आलोचना को दिल पर लगाकर नहीं बैठतीं। कंगना ने कहा, ÷एक कलाकार के रूप में काम को लेकर मैं आलोचना सुनने के लिए तैयार रहती हूं। इसे लेकर मेरे दिल में किसी के लिए कोई बात नहीं है। लेकिन मैंने समाज के लिए कई कार्य किए हैं, जैसे पौधे लगाना, पर्यावरण को बचाना, नदियों के बारे में बात करना, प्लास्टिक के इस्तेमाल के खिलाफ बात करना। और जब कोई इन बातों का मजाक बनाएगा तो इसे मैं बिल्कुल सहन नहीं करूंगी।÷ कंगना उस वक्त विवादों में घिर गई थीं, जब उन्होंने मशहूर फिल्म निर्माता करण जौहर को उन्हीं के टेलीविजन चैट शो में कहा था कि वे ही %नेपोटिज्म के ध्वजवाहक हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷आज लोग नेपोटिज्म के बारे में बात कर रहे हैं। इस बारे में उनकी अपनी राय है।

लेकिन क्या पहले कभी किसी ने इस बारे में बात की थी? मेरे लिए बड़े लक्ष्य मायने रखते हैं। जिन मुद्दों को सालों से दबाकर रखा गया था लोग अब उस बारे में बात कर रहे हैं।÷



# सफलता के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है श्रद्धा

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड की सक्सेसफुल के लिए एक स्टार किड होने के बावजूद काफी संघर्ष झेलना पड़ा। यह संघर्ष मानसिक तौर पर था। क्या आप जानते हैं कि श्रद्धा पिछले कई सालों से एक डिसऑर्डर से पीड़ित हैं? एक इंटरव्यू में श्रद्धा ने बताया कि वह तो जानती भी नहीं थी कि ऐंग्जाइटी होती क्या है। उन्हें इसके बारे में 2013 में फिल्म %आशिकी 2% के बाद पता चला। हर वक्त उन्हें शरीर में जगह-जगह पर दर्द महसूस होता था। किसी तरह के लक्षण नजर नहीं आते थे। तो उन्होंने इसके लिए ढेर सारे मेडिकल टेस्ट भी करवाए, लेकिन डॉक्टर की रिपोर्ट में कुछ भी गलत नहीं निकलता था। जबकि यह उनके लिए काफी अजीब था क्योंकि उन्हें दर्द होना बंद नहीं था और इसकी वजह उन्हें समझ नहीं आ रही थी। श्रद्धा कपूर आगे कहती हैं कि वह अभी भी ऐंग्जाइटी से पीड़ित हैं, लेकिन अब इससे डील करने का बेहतर तरीका तलाश लिया है। इस रोग के बावजूद आज उनके पास बड़ी-बड़ी फिल्मों के ऑफर हैं और हर निर्माता-निर्देशक उनके साथ काम करना चाहता है।

# जिंदगी जिस रुप मिले स्वीकारना पड़ता है

**मुंबई।** जिंदगी जिस रूप में आती है उसे उसी तरह से स्वीकार करना पड़ता हैऔर शायद यही इसकी खूबसूरती। यह कहना है अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा देशमुख का। जेनेलिया देशमुख जिंदगी की अनिश्चिता की सराहना करती हैं। उनका कहना है, ÷जिस पल आप यह सोचने लगते हैं कि आपको सब पता है, उसी पल जिंदगी आपको बताती हैं कि वास्तव में आप कुछ भी नहीं जानते हैं। एक इंसान के रूप में यह आपको उस कड़वी सच्चाई से रूबरू कराती है।÷ जेनेलिया ने बिना किसी अफसोस के अपने एक्टिंग करियर की चकाचौंध को छोड़कर अपना पूरा वक्त अपने परिवार को समर्पित कर दिया। हालांकि अब जेनेलिया हिंदी फिल्मों में लौटने की योजना बना रही हैं और इस वक्त वह स्क्रिप्ट को फाइनल करने की प्रक्रिया में लगी हैं।जेनेलिया, पिछले साल रितेश की मराठी फिल्म %मौली% में एक छोटे से किरदार में



नजर आई थीं। यह एक होली स्पेशल ट्रैक था जिसमें ये दोनों साथ नजर आए थे। जेनेलिया ने आखिर में कहा, ÷काम पर वापस लौटना और अपने बारे में कुछ नया खोजना काफी अच्छा रहा। मेरे लिए उम्र महज एक नंबर है। उम्र बढ़ना भी एक अच्छी बात है।÷ जेनेलिया ने बताया, ÷मैं खुश हूं कि मैं जिंदगी के कई सारे चरणों में से होकर गुजरी। कभी मैं बहुत महत्वाकांक्षी थी जिसके लिए फिल्में ही उसकी दुनिया थी, तो उसके बाद शादी कर बच्चों को संभालना और अब वापस फिल्मों में लौटना।÷ जेनेलिया ने रितेश देशमुख के साथ %तेरे नाल लव हो गया%, %तुझे मेरी कसम% और %मस्ती% जैसी फिल्मों में काम किया जिसके बाद दोनों ने साल 2012 में शादी कर ली। रितेश और जेनेलिया के दो बेटे हैं जिनके नाम रियान और राहिल हैं। जेनेलिया ने कहा, ÷मां बनना मेरे साथ हुई सबसे बेहतरीन चीज है और अपने बच्चों व रितेश के साथ रहना मेरे दिन को परफेक्ट बनाता है।÷



# प्रस्थानम में दिखाई देंगी अमायरा दस्तूर

**मुंबई।** बालीवुड की हॉट अभिनेत्री अमायरा दस्तूर जल्दी ही फिल्म %प्रस्थानम% में काम करने वाली है। अमायरा ने कहा, ÷जब इस फिल्म के निर्माताओं ने पहली बार मुझसे संपर्क किया, तो मैं वाकई में इसके लिए उत्साहित हो गई क्योंकि इस फिल्म में इतनी बड़ी स्टार कास्ट है और इसकी कहानी भी अच्छी है। मैंने अपने करियर में इस तरह की कोई %मसाला% फिल्म नहीं की है, इसलिए मैं %प्रस्थानम% जैसी एक फूल मसाला फिल्म करना चाहती थी।÷ %मिस्टर एक्स%, %कालाकांडी%, %राजमा चावल% और %जजमेंटल है क्या% जैसी फिल्मों में काम कर चुकी अमायरा ने कहा, ÷प्रस्थानम% में एक जरूरी संदेश है।÷ अमायरा का कहना है कि वह हमेशा से ही अपने करियर में एक मास एंटरटेनर फिल्म करना चाहती थी। बताया जा रहा है कि %प्रस्थानम% एक पॉलिटिकल एक्शन फिल्म है जिसके निर्देशक देवा कट्टा हैं। संजय एस दत्त प्रोड्क्शन्स के बैनर तले मान्यता दत्त ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 20 सितंबर को रिलीज होगी।

## एनआरआई लड़की का है किरदार

फिल्म में अपने किरदार के बारे में अमायरा ने बताया कि इसमें वह एक एनआरआई लड़की के किरदार में हैं जिसका नाम शिवी है जो अमेरिका से एक पॉलिटिकल थीसिस पेपर लिखने आती है। वह भारतीय राजनीति के बारे में जानना चाहती है इसलिए वह फिल्म में अली फजल के किरदार से मिलती है और उसके परिवार के माध्यम से वह राजनीति में होने वाली सभी हिंसा और भ्रष्टाचार

# अपनी पूरी क्षमता दिखाने का मौका नहीं मिला उर्वशी को

टोनी कक्कड़ के नए गाने %बिजली की तार% के म्यूजिक वीडियो में नजर आई अभिनेत्री उर्वशी रौटेला को लगता है कि उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग में अब तक अपनी पूरी क्षमता दिखाने का मौका नहीं मिला है। उर्वशी ने कहा, ÷मुझे विश्वास है कि मैंने अब तक अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं किया है, मैं अभी बहुत कुछ कर सकती हूं और मुझमें बहुत क्षमता है। मैं सिर्फ ऐसे प्रोजेक्ट्स देख रही हूं, जिनके माध्यम से मैं अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकूं। मुझे लगता है कि एक कलाकार के लिए सभी परियोजनाओं का चयन बहुत महत्वपूर्ण है जहां वह अपनी पूरी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके, चाहे वह एक कलाकार हो या एक गायक।÷ %मिस दिवा 2015% का खिताब जीत चुकीं उर्वशी ने %मिस यूनीवर्स 2015% पेजेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 2013 में %सिंह साहब द ग्रेट% से बॉलीवुड में पदार्पण किया था और उसके बाद %सनम रे%, %काबिल%, %ग्रेट ग्रांड मस्ती% और %हेट स्टोरी 4% में काम किया। %बिजली की तार% गाना टोनी कक्कड़ ने लिखा और गाया है।





पुर्तगाल में प्रधानमंत्री एंटोनियो ने कोस्टा कोरोना महामारी के बीच काम कर रहे दमकलकर्मियों का सम्मान किया।

नासा ने अंतरिक्ष में रचा इतिहास

# फाल्कन रॉकेट ने भरी ऐतिहासिक उड़ान

**न्यूयार्क।** करीब एक दशक के बाद अमेरिका एक बार फिर से इतिहास रचते हुए निजी कंपनी के स्पेसक्राफ्ट से इंसानी मिशन को अंतरिक्ष में भेजा है। एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अपने अंतरिक्ष यात्रियों को रविवार को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन भेजा। इससे पहले 27 मई 2020 की देर रात 2ः03 बजे नासा ने फॉल्कन रॉकेट से दो अमेरिकी अंतरिक्षयात्रियों को स्पेस स्टेशन भेजा जाना था। मगर, खराब मौसम की वजह से लॉन्चिंग को 16 मिनट पहले टाल दिया गया था। मगर, रविवार को हुई इसकी सफल उड़ान की लाइव स्ट्रीमिंग की गई। इसका लाइव प्रसारण नासा टीवी के स्पेस एक्स लॉन्च पर देखा जा सकता है। इसके अलावा म्यूजियम ऑफ फ्लाइट के वॉच पार्टी पर भी लॉन्चिंग की लाइव स्ट्रीमिंग देखी जा सकती है। स्पेसक्राफ्ट में दो अंतरिक्षयात्री रॉबर्ट बेंकेन और डगलस हर्ले सवार हैं। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से 19 घंटे की यात्रा के लिए यह स्पेसक्राफ्ट रवाना हो गया। साल 2011 में अमेरिका की धरती से आखिरी स्पेसक्राफ्ट भेज गया था। 27 जुलाई 2011 को नासा ने स्पेस शटल एटलांटिस के धरती पर लौटने के बाद अपना स्पेस शटल प्रोग्राम बंद कर दिया था। 30 साल के स्पेस शटल प्रोग्राम के जरिए स्पेस स्टेशन के लिए 135 उड़ानें भरकर 300 से ज्यादा एस्ट्रोनॉट्स को अंतरिक्ष में भेजा गया था। फिलहाल अमेरिकी एस्ट्रोनॉट्स को रूस और यूरोपीय देशों के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में भेजा जाता है। यह पहला मौका है जब सरकार के बजाय किसी निजी कंपनी के जरिये अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा गया।




## ऑक्सफोर्ड में कोविड19 वैक्सीन निर्माण परियोजना से जुड़ी भारतीय वैज्ञानिक चंद्रबाली दत्ता

**लंदन।** कोरोना वायरस से मुक्ति के लिए प्रयत्नशील दुनिया में भारत के लिए गौरव की बात है। भारतीय मूल की एक वैज्ञानिक ब्रिटेन में कोरोना वायरस उपचार के लिए वैक्सीन खोजने की परियोजना पर काम कर रही ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की टीम का हिस्सा बनी हैं। भारतीय वैज्ञानिक चंद्रबाली दत्ता ने कहा कि वह इस मानवीय उद्देश्य का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस करती हैं जिसके नतीजों से दुनिया की उम्मीदें जुड़ी हैं। कोलकाता में जन्मी चंद्रबाली दत्ता विश्वविद्यालय के जेन्नेर इंस्टीट्यूट में क्लीनिकल बायोमैन्चुफैक्चरिंग फैसिलिटी में काम करती हैं जहां कोरोना वायरस से लड़ने के लिए चोडाक्स1 एनसीओवी-19 नाम के टीके के मानवीय परीक्षण का दूसरा और तीसरा चरण चल रहा है। क्वालिटी एस्युरेंस मैनेजर के तौर पर 34 वर्षीय दत्ता का काम यह सुनिश्चित करना है कि टीके के सभी स्तरों का अनुपालन किया जाए। दत्ता ने कहा, 'हम सभी उम्मीद कर रहे हैं कि यह अगले चरण में कामयाब होगा, पूरी दुनिया इस टीके से उम्मीद लगा रही है।' उन्होंने कहा, 'इस परियोजना का हिस्सा बनना एक तरह से मानवीय उद्देश्य है। हम गैर लाभकारी संगठन हैं, इस टीके को सफल बनाने के लिए हर दिन अतिरिक्त घंटों तक काम कर रहे हैं ताकि इंसानों की जान बचाई जा सकें। यह व्यापक तौर पर सामूहिक प्रयास है और हर कोई इसकी कामयाबी के लिए लगातार काम कर रहा है। मुझे लगता है कि इस परियोजना का हिस्सा होना सम्मान की बात हैं।' दत्ता जीव विज्ञान के क्षेत्र में पुरुषों के प्रभुत्व को चुनौती देने के लिए भारत में युवा लड़कियों को प्रेरित करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे बचपन का दोस्त नॉटिंघम में पढ़ाई कर रहा था जिसने मुझे प्रेरित किया और ब्रिटेन को समान अधिकारों, महिला अधिकारों के लिए जाना जाता है इसलिए मैंने लीड्स विश्वविद्यालय से जैव प्रौद्योगिकी में मास्टर्स करने का फैसला किया।'

## चीन ने दी ताइवान पर हमले की धमकी

**पेइचिंग।** कोरोना संक्रमण फैलाने के बाद अब चीन कुछ और ही साजिश रच रहा है। हाल के दिनों में उसने भारत से लगती लद्दाख सीमा पर अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं वहीं, ताइवान पर सैन्य कार्रवाई की धमकियां भी दे रहा है। चीनी जनता का ध्यान कोरोना के कहर से बचाने के लिए चिनफिंग प्रशासन पूरी तरह से उग्र राष्ट्रवाद और विस्तारवादी नीतियों को बढ़ाने में जुटा है। चीन की सेना के वरिष्ठ जनरल ली जुओचेंग ने कहा कि हमें ताइवान पर सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। सैन्य कार्रवाई के अलावा दूसरा कोई रास्ता नहीं है जिससे ताइवान को स्वतंत्र होने से रोका जा सकता है। बता दें कि चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है। यह कानून ताइवान पर सैन्य कार्रवाई के लिए चीन को कानूनी आधार देता है।

# जी-7 में शामिल होगा भारत, ट्रंप ने दिए संकेत



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जी-7 समिट को सितंबर तक के लिए टाल दिया है। ट्रंप ने इसमें शामिल देशों की लिस्ट को बढ़ाने का इरादा जताया है। इसमें भारत भी शामिल है। जून के आखिर में होने वाली प्रस्तावित समिट को ट्रंप ने फिलहाल स्थगित करने का ऐलान किया है। साथ ही ट्रंप ने कहा कि वह इसमें भारत, रूस, साउथ कोरिया और ऑस्ट्रेलिया को शामिल करना चाहते हैं। ट्रंप ने वर्तमान जी-7 फॉर्मेट को आउटडेटेड (पुराना) बताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं इस समिट को स्थगित कर रहा हूं क्योंकि मुझे ये नहीं लगता कि दुनिया में जो चल रहा है, उसकी ये सही नुमाइंदगी करता है। यह देशों का बहुत ही पुराना समूह हो गया है। बता दें कि जी-7 समिट पहले 10 से 12 जून के बीच वॉशिंगटन में होनी थी। लेकिन कोरोना महामारी की वजह से बाद में इसे जून के अंत तक के लिए शिफ्ट कर दिया गया। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी के दूसरे पारंपरिक सहयोगियों और कोरोना से प्रभावित कुछ देशों को इसमें लाना चाहते हैं। साथ ही इसमें चीन के भविष्य को लेकर भी चर्चा होगी। इसी महीने यूएस नैशनल सिक्यॉरिटी अडवाइजर रॉबर्ट ओ ब्रायन ने कहा था कि कोरोना की वजह से अमेरिका अगली जी-7 मीटिंग जून के आखिर तक स्थगित कर रहा है। बता दें कि अमेरिका में कोरोना वायरस से 1 लाख 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। त्र7 में अभी अमेरिका के अलावा इटली, जापान, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन के साथ यूरोपियन यूनियन शामिल हैं।

## आक्रामक एवं उकसाने वाले कदमों से नाटो की रडार पर है चीन : अमेरिकी दूत

**वॉशिंगटन।** उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में अमेरिका की शीर्ष दूत ने कहा है कि चीन अपने कदमों के कारण नाटो की रडार पर जिस तरह इस समय है, पहले कभी नहीं रहा ।नाटो में अमेरिका की स्थायी प्रतिनिधि के बैली हचिसन ने कहा, चीन एक शांतिपूर्ण साझीदार, एक अच्छा व्यापार सहयोगी हो सकता था, लेकिन वह इस समय ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है। मुझे लगता है कि नाटो सहयोगी इस पर नजर रखे हैं और इस बात का आकलन कर रहे हैं कि चीन क्या कर रहा है।'' हचिसन ने ताइवान, जापान और भारत के खिलाफ चीन के आक्रामक एवं उकसाने वाले कदमों पर कहा, वह हमारी रडार पर है और मुझे लगता है कि ऐसा होना चाहिए क्योंकि हमें जोखिम का आकलन करना चाहिए। हमें सबसे अच्छा होने की उम्मीद करनी चाहिए, लेकिन सबसे खराब के लिए तैयार रहना चाहिए। इस सवाल पर क्या वास्तविक सैन्य संघर्ष का खतरा निकट है, उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि नाटो इस मामले में अब पूर्व की ओर देख रहा है। हचिसन ने 5जी नेटवर्क के बारे में कहा, हम हमारे संचार को सुरक्षित रखने की कोशिश कर रहे हैं और देख रहे हैं कि हमारे कुछ चीनी प्रतिद्वंद्वी संचार प्रदाताओं द्वारा तैयार किए गए संविदात्मक दायित्वों को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं हैं। बेल्ट एवं रोड' पहल समेत ये सभी चीजों हमारे सहयोगियों के बीच इस बात को लेकर चिंता पैदा कर रही हैं कि चीन का इरादा क्या है।''उन्होंने कहा कि अमेरिका इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट है कि वह चीन को वैश्विक व्यवस्था में साझीदार बनाना चाहता है और यह ज्ञात है कि चीन ने बौद्धिक संपदा की चोरी की है और विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं विश्व की अदालतों द्वारा तय शुल्कों एवं सब्सिडी का उल्लंघन किया है।






मिनीसोटा में नेशनल गार्ड के दस्ते सुरक्षा में तैनात रहे। यहां एक व्यक्ति की पुलिस गोलीबारी में हुई मौत के बाद हिंसा भड़क उठी थी।

## तमिलनाडु में 30 जून तक बढ़ा लॉकडाउन, आवाजाही के लिए ई-पास जरूरी नहीं

**चेन्नई।** घातक कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के चलते तमिलनाडु सरकार ने लॉकडाउन को बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत राज्य में लॉकडाउन 30 जून तक जारी रहेगा। तमिलनाडु सरकार ने कहा है कि राज्य के सभी जिलों को 8 जोन में बांटा जाएगा। लॉकडाउन के दौरान आवाजाही के लिए ई-पास जरूरी नहीं है। कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और थिरुवल्लूर जिले के 7 जोन और चेन्नई के 8 जोन में सार्वजनिक परिवहन प्रतिबंधित है। ज्ञात हो कि तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले कम नहीं हो रहे हैं। शनिवार को एक दिन में कोविड-19 के सबसे अधिक 938 नए मरीज मिले। इसके साथ ही राज्य में कुल कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बढ़कर 21,184 हो गई। वहीं इस अवधि में चार पुरुषों और दो महिलाओं की कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से मौत हुई जिससे प्रदेश में कोविड-19 से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 160 हो गई है।

# अक्टूबर तक तैयार हो सकती है कोविड-19 की वैक्सीन

**न्यूयॉर्क।** वैश्विक दवा कंपनी फाइजर का मानना है कि कोविड-19 को रोकने के लिए वैक्सीन अक्टूबर के अंत तक तैयार हो सकती है। कंपनी के सीईओ अल्बर्ट बोरला ने इसकी जानकारी दी है। फाइजर जर्मन एमआरएनए कंपनी बायोएनटेक के सहयोग से कोविड-19 को रोकने के लिए बीएनटी 162 वैक्सीन कार्यक्रम के लिए अमेरिका और यूरोप में क्लीनिकल परीक्षण कर रही है। बोरला ने इस सप्ताह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चर्स एंड एसोसिएशन (आईएफपीएमए) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। बोरला ने कहा,अगर चीजें अच्छी तरह से चलती हैं, तो हमारे पास एफडीए (यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) और ईएमए (यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी) के लिए सुरक्षा और प्रभावकारिता के पर्याप्त सबूत होंगे और अक्टूबर के अंत के आसपास हमारे पास एक वैक्सीन होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं में एस्ट्राजेनेका के सीईओ पास्कल सोरियट, ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन की प्रमुख एमा वाल्स्ले, जॉनसन एंड जॉनसन के मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी पॉल स्टॉफल्स भी शामिल थे। इनमें से प्रत्येक कंपनी अपने साझेदारों के साथ मिलकर बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन विकसित कर रही है। जबकि जीएसके सैनोफी के साथ सेना में शामिल हो गया है, वहीं एस्ट्राजेनेका ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में विकसित किए जा रहे टीके का समर्थन कर रहा है।

जे एंड जे अपने वैक्सीन को विकसित करने के लिए अमेरिका के




## डब्ल्यूएचओ की फंडिंग रोकी, अब अमेरिका पर दबाव

**वाशिंगटन।** कोरोना महामारी से सबसे ज्यादा प्रभावित देश अमेरिका ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से सारे संबंधों को समाप्त कर दिया है। इन सभी संबंधो के टूटने के बाद से अमेरिका अब डब्ल्यूएचओ को हर तरह की मदद देना बंद कर देगा और इसका असर दुनिया के कई देशों पर पडने वाला है। अमेरिका के इस कठोर फैसले के बाद यूरोपीय संघ ने शनिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से अनुरोध करते हुए कहा कि डब्ल्यूएचओ के फंडिंग कटौती पर फिर से विचार करें। यूरोपीय संघ ने भारत समेत अन्य देशों का हवाला देते हुए कहा कि इन देशों में कोरोना का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है इसलिए अपने फैसले पर पुनर्विचार करें और डब्ल्यूएचओ की मदद करें। यूरोपीय संघ ने कहा कि वैश्विक सहयोग ही इस लड़ाई (कोरोना वायरस के खिलाफ) को जीतने के लिए एकमात्र प्रभावी विकल्प है। उन्होंने कहा कि यह एकजुट रहने का वक्त है। यह किसी को निशाना बनाने या बहुपक्षीय सहयोग को कम करने का समय नहीं है।

## तिलमिला उठा चीन, हांगकांग के मुद्दे में दखल देना बंद करे अमेरिका और ब्रिटेन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आपात चर्चा में अमेरिका और ब्रिटेन ने हांगकांग पर चीन के विवादास्पद सुरक्षा कानून का मुद्दा उठाया,इसके बाद चीन तिलमिला उठा। चीन ने उल्टा अमेरिका के मिनीपोलिस मामले पर सवाल उठाकर कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले अपना घर संभालें व संयुक्त राष्ट्र को उसके बजाए मिनीपोलिस में प्रदर्शनकारियों पर अमेरिका के अत्यधिक बल प्रयोग और अश्वेत समुदायों के खिलाफ भेदभाव पर अपना ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। दरअसल अमेरिका और ब्रिटेन ने शुक्रवार को आपात चर्चा की मांग के बाद 15 सदस्यों वाली सुरक्षा परिषद ने हांगकांग के मुद्दे पर अनौपचारिक ऑनलाइन बैठक की।

# बायर्न म्यूनिख ने बुंदेसलीगा खिताब जीता

**ब्रेमेन।** राबर्ट लेवानडोवस्की के शानदार गोल से जर्मनी में बायर्न म्यूनिख क्लीब ने वर्डर ब्रेमेन को 1-0 से हराकर लगातार आठवीं बार बुंदेसलीगा लीग फुटबॉल खिताब जीता है। इस जीत से बायर्न ने दूसरे स्थान पर कायम बोरुसिया डोर्टमंड क्लब पर 10 अंक की बढ़त बना ली है। डोर्टमंड अपने बाकी बचे तीन मैचों में अधिक से अधिक नौ अंक ही हासिल कर सकता है। वर्डर ने बायर्न को पहले हाफ में अधिकतर समय रोके रखा, पर बायर्न अंत में गोल करने में सफल रही। लेवोनडोवस्की ने यह गोल खेल के 43वें मिनट में किया। जेरोम बोटेंग ने लेवोनडोवस्की की तरफ गेंद बढ़ाई, जिसे उन्होंने किसी प्रकार रोककर गोल दागा। यह बुंदेसलीगा के इस सत्र में उनका 31वां गोल रहा है। बायर्न के अलफोंसो डेविस को 79वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया, जिसके कारण टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। वहीं गोलकीपर मैनुअल नेयुर ने अंतिम क्षणों में युवा ओसाको के हेडर को रोका। बायर्न




ने पिछले महीने भी बुंदेसलीगा के फिर से शुरू होने के बाद सात जीत दर्ज की हैं और इस तरह से अपना कुल 30वां खिताब जीता है। गौरतलब है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण यह लीग मार्च से ही रुकी हुई थी।

### गआर्चर से इंग्लैंड के किसी अन्य खिलाड़ी की तरह ही पेश आएगी वेस्टइंडीज : होल्डर

**लंदन।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान जेसन होल्डर ने कहा है कि उनकी टीम अगले माह आठ जुलाई से साउथैम्पटन में शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज में कैरेबियाई मूल के इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से किसी अन्य विरोधी टीम के खिलाड़ी की तरह ही पेश आयेगी। वेस्टइंडीज के बारबाडोस में जन्मे आर्चर साल 2018 में इंग्लैंड की तरफ से खेलने चले गये थे। आर्चर ने साल 2014 में वेस्टइंडीज की तरफ से अंडर-19 टीम में खेला है। वहीं इससे पहले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने भी कहा था कि उनकी टीम आर्चर से किसी प्रकार का दोस्ताना व्यवहार न करते हुए उसे अन्य विरोधी गेंदबाज के तौर पर ही टक्क देगी।

## पाक खिलाड़ियों के परिवार को इंग्लैंड दौरे पर जाने की अनुमति नहीं : पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि अगले महीने होने वाले इंग्लैंड दौरे पर खिलाड़ियों और अधिकारियों के साथ उनके परिवारों को जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पीसीसी ने कहा




है कि कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए अतिरिक्त एहतियात बरती जा रही है। ऐसे में सीमित तादद में ही दल को भेजा जा रहा है। वहीं इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने इस दौरे के लिए विशेष चार्टर्ड उड़ान का इंतजाम किया है जिसमें पांच लाख पाउंड का खर्च आया है। पीसीबी उसने सभी खिलाड़ियो से स्पष्ट कहा है कि उनके परिवार उनके साथ नहीं जा सकते क्योंकि वहां जाकर भी उन्हें अलग-अलग ही रहना पड़ेगा। पूरी टीम सितंबर में दौरा समाप्त होने तक अपने परिवारों से नहीं मिल सकेगी।'' दोनो देशों के बीच इस दौरे में तीन टेस्ट और तीन टी20 मैचों की श्रृंखला 30 जुलाई से खेली जायेगी। पीसीबी ने कहा ,'' बोर्ड ने खिलाड़ियों को बता दिया है कि इंग्लैंड पहुंचते ही उन्हें बर्मिंघम में 14 दिन अलग-अलग रहना होगा। इसके बाद मैनचेस्टर में वे चार सप्ताह जैविक सुरक्षित माहौल में अभ्यास करेंगे।''

## इंग्लैंड के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी वेस्टइंडीज : रोच



**लंदन।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीले आठ जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में उनकी टीम जीत के इरादे से खेलेगी है। इंडीज तेज गेंदबाज रोच ने कहा इस दौर इंग्लैंड की ओर से खेल रहे कैरेबियाई मूल के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि इस सीरीज में उसके प्रति कोई नरमी नहीं करते हुए कड़ी टक्कर दी जाएगी। रोच के अनुसार जब दोनों टीमें मैदान पर एक-दूसरे के आमने-सामने होंगी तो उनका ध्यान केवल जीत पर रहेगा। रोच ने कहा, 'जोफ्रा ने अपना फैसला कर लिया है और मैं समझता हूं कि उसने अब तक के अपने करियर में शानदार प्रदर्शन किया है पर इस सीरीज में बेहतर क्रिकेट खेलना और जीतना ही हमारा लक्ष्य है। जब हम जोफ्रा के सामने होंगे तो हमारे पास उसका मुकाबला करने के लिए एक शानदार योजना होगी। मैं और मेरी टीम उस पल का इंतजार कर रहे हैं।% वेस्टइंडीज की 11 रिजर्व खिलाड़ियों सहित कुल 25 सदस्यीय टीम इस दौरे पर पहुंची है और इस समय वह मैनचेस्टर में 14 दिन के अनिवार्य क्वारंटीन पर है। वेस्टइंडीज को इंग्लैंड के खिलाफ आठ जुलाई से खाली स्टेडियमों में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। कोरोना महामारी के कारण पिछले तीन महीने से दुनिया भर में क्रिकेट मुकाबले रुके हुए हैं और इस सीरीज से उनकी वापसी होने जा रही है।

### ओडिशा एफसी से जुड़े मिडफील्डर थोइबा

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने मिडफील्डर थोइबा सिंह के साथ अनुंध किया है। इस अनुबंध के तहत थोइबा अब तीन साल तक ओडिशा एफसी की ओर से खेलेंगे। 17 वर्षीय थोइबा ने कहा, 'ओडिशा एफसी के साथ शुरुआत करने और आईएसएल में अपनी पहचान बनाने के लिए मैं बेताब हूं। मुझे भरोसा है कि ओडिशा एफसी में खेलने से मेरा खेल बेहतर और और मुझे काफी कुछ सीखने को मिलेगा।' मणिपुर के थोइबा ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वह पिछले दो सत्र से आई-लीग टीम मिनर्वा पंजाब एफसी के साथ खेलते रहे हैं। वह पिछले साल एएफसी कप में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बने थे। वहीं ओडिशा एफसी क्लब के अध्यक्ष रोहन शर्मा ने कहा, 'थोइबा एक बहुत ही रोमांचक और बहुमुखी प्रतिभा के धनी खिलाड़ी हैं। मुझे वास्तव में खुशी है कि हम उन्हें इस साल टीम में लाने में सफल रहे हैं।
'

## सरकार से सहमति मिली तो अमेरिकी ओपन का आयोजन करेंगे : यूएसटीए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेनिस संघ (यूएसटीए) ने कहा कि वह सरकार से अनुमति मिलने पर अगस्त में दर्शकों के बिना अमेरिक ओपन टूर्नामेंट का आयोजन करने तैयार है। यूएसटीए ने साथ ही कहा कि इस मामले में आधिकारिक घोषणा इस सप्ताह हो सकती है। कोराना वायरस महामारी के कारण अन्य खेलों की तरह ही टेनिस मुकाबले भी मार्च से ही स्थगित हैं। फ्रेंच ओपन को मई से सितंबर के लिए स्थगित कर दिया गया जबकि 75 साल के इतिहास में पहली बार विम्बलडन को रद्द करना पड़ा। अमेरिकी ओपन का अगर आयोजन होता है तो यह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद साल का दूसरा ग्रैंडस्लैम होगा। यूएसटीए के प्रवक्ता क्रिस विडमेयर ने कहा, '' इसके लिए अगर सभी जरूरी इजाजत



मिल जाती है तो हम इसके आयोजन के लिए तैयार है।''उन्होंने कहा, ''इस फैसले में तीन चीजें अहम रहेंगी। पहले स्थान पर सेहत और सुरक्षा का मामला है। दूसरा यह है कि क्या टेनिस के खेल के लिए अमेरिकी ओपन का आयोजन जरूरी है। वहीं तीसरा यह है कि क्या इसका आयोजन आर्थिक रूप से किया जा सकता है। हमें विश्वास है कि हम तीनों उद्देश्यों को पूरा कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, '' हमने इससे जुड़ा प्रस्ताव न्यूयॉर्क राज्य को भेजा है जिसमें पूरी जानकारी है। वहीं अब हम राज्य सरकार के जवाब का इंतजार कर रहे है।''

## लॉकडाउन में ऑनलाइन खपत में करीब 20 फीसदी का हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** लॉकडाउन के चलते बीते दिनों में कोरोना वायरस के कहर के कारण अपने घरों में कैद रहने के दौरान लोगों ने वर्क फ्रॉम होम किया, बच्चों ने ऑनलाइन पढ़ाई की, ऑनलाइन एंटरटेनमेंट भी खूब हुआ और स्ट्रीमिंग भी खूब हुई। इस पूरे वक्त में लोगों का स्क्रीन टाइम पहले की तुलना में करीब दोगुना हो गया है। लोग लॉकडाउन की वजह से घरों में थे, ऐसे में डिजिटल और इंटरनेट देश की रीढ़ बन गए, जिसकी चलते ऑनलाइन खपत में करीब 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। एरिक्सन मोबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक, स्मार्टफोन का इस्तेमाल जहां पहले प्रति व्यक्ति औसतन 3 घंटे होता था, वो 5 घंटे तक चला गया। ब्रॉडबैंड या वाईफाई से जुड़े रहने के दौरान पहले औसतन एक व्यक्ति 2.5 घंटे स्क्रीन इस्तेमाल करता था, अब वह आंकड़ा 4.5 घंटे तक जा पहुंचा है। दुनिया भर में 2019 में भारत में सबसे अधिक इंटरनेट इस्तेमाल किया गया था, जो इस बार लॉकडाउन में और बढ़ गया है। 20199 में भारत में प्रति यूजर हर महीने करीब 12 जीबी डेटा इस्तेमाल किया गया, जबकि ग्लोबल एवरेज महज 7 जीबी था। माना जा रहा है कि अगले 5 सालों में ये आंकड़ा 25 जीबी तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 तक 41 करोड़ अतिरिक्त स्मार्टफोन यूजर बढ़ सकते हैं। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि करीब 18 फीसदी यूजर 5जी नेटवर्क इस्तेमाल करेंगे, जबकि अभी ये आंकड़ा जीरो है। सरकार 5जी शुरू करने की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है।

## मारुति ने करूर वैश्य बैंक के साथ सरल वित्तीय सुविधा के लिए किया समझौता

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी कार बनाने वाली कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने कहा कि उसने नये ग्राहकों को कार खरीदने के लिये सरल और लचीली वित्तपोषण सुविधा उपलब्ध कराने के लिये करुर वैश्य बैंक के साथ भागीदारी की है। मारुति सुजुकी इंडिया ने यहां जारी एक वक्तव्य में कहा है कि बैंक के साथ इस भागीदारी के जरिये वह कंपनी के संभावित खरीदारों को छह महीने के अवकाश के साथ कार खरीदने की पूरी वित्तपोषण सुविधा उपलब्ध करायेगी। यह सुविधा वैन ईको को छोड़कर कंपनी के अन्य सभी मॉडल पर उपलब्ध होगी। यह सुविधा वेतनभोगी तबके और खुद का कारोबार करने वाले सभी ग्राहकों को उपलब्ध होगी। ग्राहक को यह रिण 84 माह में चुकाना होगा।




वक्तव्य में कहा गया है कि इस वित्तपोषण सुविधा में 'आकर्षक ब्याज दर' के साथ ही ऐसे ग्राहकों को भी कर्ज उपलब्ध हो जायेगा जिनका आय का कोई सबूत नहीं होगा। मारुति सुजुकी के कार्यकारी निदेशक (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा मौजूदा बदलते परिवेश में कंपनी को आगे कदम उठाने होंगे। इसमें ग्राहकों को उनकी पसंद के लिये अनेक विकल्प उपलब्ध कराने के साथ ही ग्राहक केन्द्रित वित्तीय उत्पाद भी शामिल किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'करुर वैश्य बैंक के साथ हमारा गठबंधन ग्राहकों को नई कार खरीदने के मामले में सरलता की स्थिति पैदा करने और वित्तीय लचीलापन उपलब्ध कराने की दिशा में एक और प्रयास है।' वहीं करुर वैश्य बैंक के अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी जे नटराजन ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों मं वित्त की आसान उपलब्धता काफी महत्व रखती है।

